नई दिल्ली ■ मंगलवार 24 मार्च 2026 ■ मूल्य 5.00 ■ वर्ष 13 ■ अंक 355 ■ पृष्ठ 08

J B T

# जनभावना टाइम्स

www.thejbt.com

निष्पक्ष और निर्भीक खबर

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, गौतमबुद्ध नगर, देहरादून, लखनऊ, अलीगढ़, मथुरा, हिसार, कैथल एवं करनाल से प्रकाशित



04 महिला सुरक्षा संस्थाओं का पतन | 07 हॉकी इंडिया ने की वार्षिक पुरस्कार के लिए नामित खिलाड़ियों की घोषणा | लंबे ब्रेक के बाद साउथ सिनेमा में करेंगी वापसी तब्बू 08

## प. एशिया संकट को पीएम मोदी ने चिंताजनक बताया, राष्ट्रीय एकजुटता का किया आह्वान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष को चिंताजनक बताते हुए कहा कि यह संकट भारत के लिए आर्थिक, सुरक्षा और मानवीय स्तर पर गंभीर चुनौतियां पैदा कर रहा है। उन्होंने संसद और देश से इस मुद्दे पर एकजुट होकर प्रतिक्रिया देने का आह्वान किया, ताकि वैश्विक मंच पर भारत की स्पष्ट और मजबूत आवाज पहुंच सके।



प्रधानमंत्री ने सोमवार को लोकसभा में पश्चिम एशिया सैन्य संघर्ष और इसकी वजह से भारत के समक्ष चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले तीन सप्ताह से अधिक समय से जारी यह संघर्ष अब केवल क्षेत्रीय नहीं रह गया है, बल्कि इसका असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और आम लोगों के जीवन पर पड़ रहा है। सरकार इस स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और विदेश मंत्री तथा पेट्रोलियम मंत्री द्वारा संसद को समय-समय पर जानकारी दी जा चुकी है। मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया भारत के लिए रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यहां से देश की बड़ी मात्रा में कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति होती है, वहीं यह क्षेत्र वैश्विक व्यापार मार्गों के लिहाज से भी अहम है। खाड़ी देशों में लगभग एक करोड़ भारतीय रहते और काम करते हैं, जबकि समुद्री जहाजों में भी बड़ी संख्या में भारतीय क्रू सदस्य कार्यरत हैं। ऐसे में इस संकट का भारत पर प्रभाव स्वाभाविक रूप से अधिक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक 3.75 लाख से अधिक भारतीयों को सुरक्षित वापस लाया जा चुका है। ईरान से करीब 1000 भारतीयों को निकाला गया है, जिनमें 700 से अधिक मेडिकल छात्र शामिल हैं। विदेशों में स्थित भारतीय मिशन 24 घंटे काम कर रहे हैं और प्रभावित नागरिकों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। साथ ही हेल्पलाइन और कंट्रोल रूम भी स्थापित किए गए हैं।

ऊर्जा सुरक्षा के मुद्दे पर मोदी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते खतरे के बावजूद सरकार पेट्रोल, डीजल और गैस की आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि भारत ने ऊर्जा आयात के स्रोतों को 27 देशों से बढ़ाकर 41 देशों तक विविधीकृत किया है। साथ ही देश के पास 53 लाख मीट्रिक टन से अधिक का रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार उपलब्ध है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने एलपीजी की घरेलू जरूरतों को प्राथमिकता दी है और उत्पादन बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अलावा इथेनॉल ब्लेंडिंग, रेलवे विद्युतीकरण और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे कदमों से तेल पर निर्भरता कम करने में मदद मिली है।

भारत अब पेट्रोल में लगभग 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण के लक्ष्य के करीब पहुंच चुका है। कृषि क्षेत्र पर संभावित प्रभाव का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि देश में पर्याप्त खाद्यान्न भंडार मौजूद है और किसानों को किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। सरकार ने उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए घरेलू उत्पादन बढ़ाया है और आयात के स्रोतों को भी विविध बनाया है। साथ ही नैनो यूरिया और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। ऊर्जा और बिजली की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के पावर प्लांट्स में पर्याप्त कोयला भंडार है और सरकार हर स्तर पर निगरानी कर रही है। भारत ने लगातार दूसरे वर्ष 100 करोड़ टन कोयला उत्पादन का रिकॉर्ड बनाया है। साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 250 गीगावॉट से अधिक हो चुकी है, जिसमें सौर ऊर्जा का बड़ा योगदान है। कूटनीतिक प्रयासों पर जोर देते हुए मोदी ने कहा कि भारत शुरू से ही शांति और संवाद का पक्षधर रहा है। मोदी ने कहा कि उन्होंने पश्चिम एशिया के ज्यादातर देश के राष्ट्र अध्यक्षों के साथ दो राउंड फोन पर बातचीत कर तनाव कम करने और संघर्ष समाप्त करने का आग्रह किया है। भारत ने नागरिक और वाणिज्यिक ढांचे पर हमलों का विरोध किया है और अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों की सुरक्षा पर बल दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक रह सकता है, इसलिए देश को धैर्य, संयम और एकजुटता के साथ आगे बढ़ना होगा। भारत ने पहले भी कठिन परिस्थितियों का सामना एकजुट होकर किया है और इस बार भी देश इसी भावना के साथ हर चुनौती का मुकाबला करेगा। प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी कि ऐसे संकट के समय कुछ तत्व गलत सूचनाएं फैलाने और जमाखोरी जैसे कार्यों में संलिप्त हो सकते हैं। उन्होंने राज्यों से अपील की कि ऐसे मामलों पर सख्त निगरानी रखी जाए और तुरंत कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि देश की हर सरकार और देश का हर नागरिक जब मिलकर चलेंगे, तो हम हर चुनौती को चुनौती दे सकते हैं।

## प्रयागराज में 'कोल्ड स्टोरेज' ढहने से चार श्रमिकों की मौत



**प्रयागराज।** प्रयागराज जिले में गंगा नगर के फाफामऊ थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक 'कोल्ड स्टोरेज' के अचानक ढह जाने से चार श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि 12 श्रमिक घायल हो गये। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि कोल्ड स्टोरेज ढहने की घटना में अभी तक चार लोगों की मृत्यु हो चुकी है, जबकि 12 श्रमिक घायल हैं जिनका इलाज एसआरएन अस्पताल में चल रहा है।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ, अग्निशमन विभाग की टीम घटनास्थल से मलबा हटाकर लोगों की तलाश रही है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी-गंगा नगर) कुलदीप गुनावत ने बताया कि फाफामऊ थाना क्षेत्र में एक 'कोल्ड स्टोरेज' आज दोपहर अचानक भर भराकर ढह गया और उससे अमोनिया गैस का रिसाव होने लगा जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन और पुलिस की टीम राहत और बचाव कार्य में लगी है तथा अग्निशमन विभाग की टीम भी सक्रिय है जो गैस रिसाव रोकने की दिशा में काम कर रही है।

प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा 'एक्स' पर किये गये पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज में इस घटना पर दुख व्यक्ति करते हुए कहा है कि इस मुश्किल घड़ी में प्रभावित लोगों और उनके परिजनों के साथ मेरी सहानुभूति है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा कि प्रयागराज के कोल्ड स्टोरेज में हुई दुर्घटना में जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। इस दुर्घटना में दिवंगत हुए लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी।

## लोस में पेश कॉर्पोरेट कानून विधेयक, 2026 जेपीसी को भेजा गया

**नई दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार को पेश किया गया कॉर्पोरेट कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के आग्रह पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेज दिया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बीते 10 मार्च को उक्त विधेयक को अपनी मंजूरी दे दी थी। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कॉर्पोरेट कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 पेश करते समय लोकसभा को बताया कि इस विधेयक का उद्देश्य लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप अधिनियम, 2008 और कंपनी अधिनियम, 2013 में संशोधन करना है। भागीदारी अधिनियम, 2008 और कंपनी अधिनियम, 2013 में संशोधन करना है। इससे पहले लोकसभा में कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने नियम 72 (1) के तहत विधेयक को पेश किए जाने का विरोध करते हुए कहा कि यह संवैधानिक सिद्धातों के अनुरूप नहीं है और इसमें बहुत सारी खामियां हैं। तृणमूल कांग्रेस के नेता सौगत रॉय ने आरोप लगाया कि इस विधेयक से सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) कमजोर होगा। उन्होंने कहा कि सरकार कॉर्पोरेट अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करना चाहती है या फिर नियमों को सख्त बनाना चाहती है।

## ट्रंप ने ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमले को 5 दिनों के लिए टाला

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष के बीच ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमले की अपनी योजना को सोमवार को पांच दिनों के लिए स्थगित करने की घोषणा की।

ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका की ईरान के साथ अच्छी और सार्थक बातचीत हुई है और वह अपनी सेना को ईरान के पावर प्लांट और एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर किसी भी तरह के सैन्य हमले को टालने का आदेश देंगे। ट्रंप ने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका और ईरान के बीच पिछले दो दिनों में मध्य-पूर्व में हमारी आपसी दुश्मनी को पूरी तरह से खत्म करने के संबंध में बहुत अच्छी और सार्थक बातचीत हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि मैंने युद्ध विभाग को निर्देश दिया है कि वे ईरान के पावर प्लांट और एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने वाले सभी सैन्य हमलों को पांच दिनों के लिए टाल दें। यह फैसला चल रही बैठकों और चर्चाओं की सफलता पर निर्भर करेगा। ट्रंप का यह संदेश 48 घंटे की उस समय सीमा के खत्म होने पर आया है, जो उन्होंने ईरान पर लगाई थी। इस समय सीमा के तहत ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाज़ों के सुरक्षित गुज़रने की अनुमति देनी थी, या फिर अपने पावर प्लांट पर हमलों का सामना करना पड़ता जो कि एक बड़ा टकराव साबित हो सकता था। ट्रंप ने रविवार को धमकी थी कि अगर ईरान की तरफ से जहाजों पर की जा रही गोलाबारी के कारण होर्मज जलडमरूमध्य बंद रहता है तो अमेरिका 48 घंटों के भीतर ईरान के पावर प्लांट को निशाना बनाएगा।



### ईरान ने बातचीत को लेकर ट्रंप के दावे को खारिज किया

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ किसी भी सार्थक वार्ता के दावे को सिरे से खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि मौजूदा हालात में ऐसी कोई बातचीत नहीं चल रही है। ईरान ने अमेरिकी प्रस्तावों और बयानों को भ्रामक बताते हुए कहा कि ऊर्जा संयंत्रों पर हमले को पांच दिन के लिए टालने की घोषणा महज रणनीतिक चाल है, जिसका उद्देश्य युद्ध के बीच समय हासिल करना और वैश्विक ऊर्जा बाजारों को प्रभावित करना है। ईरान मिलिटरी न्यूज की एक रिपोर्ट में ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम बातचीत जारी होने के ट्रंप के दावे को खारिज करते हैं और इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ़ ईरान तब तक कोई बातचीत स्वीकार नहीं करेगा जब तक युद्ध में उसके मकसद पूरे नहीं हो जाते।

## टीवी सेटों में मिलेगा सूक्ष्म सेट टॉप बॉक्स लगा हुआ

**नई दिल्ली।** सरकार ने आज ऐसी तीन पहलों की शुरूआत की जिनके तहत देश में बनने वाले सभी टेलीविजन सेटों में अनिवार्य रूप से सेट टॉप बॉक्स लगा हुआ आएगा जिससे चार सौ से अधिक टीवी चैनल निःशुल्क देखे जा सकेंगे। राष्ट्रीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कौशल पहल के तहत कंटेट निर्माण करने वालों को 15 हजार लैब्स के माध्यम से कंटेट रचनात्मक ऑडियो विजुअल कंटेंट के निर्माण में एआई के प्रयोग का प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ-साथ प्रदर्शन के लिए डिजीटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया गया। रेल, सूचना प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां रेल भवन में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में माईवेब्स डिजिटल प्लेटफॉर्म, टीवी ट्यूनर एवं एडवांस ईपीजी तथा नेशनल एआई स्किलिंग इनीशिएटिव कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। इस मौके पर सूचना प्रसारण सचिव संजय जाजू, प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी, यूट्यूब इंडिया एवं गूगल इंडिया के अधिकारी उपस्थित थे।




## बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेस-वे पर हादसा, चार की मौत

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेस-वे पर सोमवार तड़के हुए हादसे में चार यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। रामनगर जिले के चन्नापटना तालुक के पुट्टप्पनदोड्डी के पास बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चार यात्रियों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान केरलम निवासी मोहम्मद परान (22), रफीज (45) तथा बेंगलुरु निवासी राशीद (45) और साकिर (27) के रूप में हुई है।

## लाल किला विस्फोट मामले में एनआईए ने जम्मू-कश्मीर में कई स्थानों पर छापेमारी की

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने लाल किला कार बम विस्फोट मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को जम्मू-कश्मीर में विभिन्न स्थानों पर तलाशी ली।

एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के विभिन्न स्थानों में नौ स्थानों पर तलाशी ली जा रही है। इनमें कुपवाड़ा जिले का हंदवाड़ा क्षेत्र, बारामूला जिले का रफियाबाद और कुलगाम और श्रीनगर जिलों के स्थान शामिल हैं। पिछले साल 10 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी को हिलाकर रख देने वाले लाल किले के पास हुए विस्फोट में कम से कम 13 लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हो गए थे। एनआईए ने इस मामले में अब तक 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## UNLF के 14 कैडर गिरफ्तार, हथियार और नकदी जब्त

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने थौबल जिले के नोंगपोक सेकमाई पुलिस थानांतर्गत हाओखोंग क्षेत्र में एक अभियान के दौरान प्रतिबंधित यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ- कोइरेंग) से जुड़े 14 कैडरों को गिरफ्तार किया है।



मणिपुर पुलिस मुख्यालय ने सोमवार को बताया गया है कि रविवार को पकड़े गए कैडरों की पहचान इंफाल पश्चिम के खुंबोंग माखा लीकाई के नामीराकपम कोंडुम मैतेई उर्फ लन्हेइबा (46), बिष्णुपुर के चेयरन लींगांगताबी के सोरोखैबम रोसेश उर्फ कांगलेइपुबा उर्फ किलो-आई (43), बामाओन लीकाई मांगे मखोंग, इंफाल पूर्व के ताखेलचांगबम राजेंद्रो शर्मा उर्फ खाबा (59), खुरई चिंगंबम लीकाई, इंफाल पूर्व के येलम रतन सिंह उर्फ खंबा (54), कुम्बी हाओटक, बिष्णुपुर के अहनथेम रतन मैतेई उर्फ शिरोई (30), खुरई थोंगम लीकाई, इंफाल पूर्व के सोयम संजीव (42), कोडोमपोकपी ममंग लीकाई, इंफाल पश्चिम के तोइजम करजीत सिंह (20), नगामुखोंग, थौबल के पुखरीहोंगबाम नोंगसाबा मैतेई उर्फ लाईदाबा (18), ताओबुंगखोक अवांग लीकाई, इंफाल पश्चिम के कंघुजम माइसन मैतेई (17), न्यू कीथेलमनबी अवांग लीकाई, इंफाल पश्चिम के थौदाम मुना मैतेई उर्फ इनाओ (19), खुरई कोनसम लीकाई, इंफाल पूर्व के कोनसम बेबेटो मैतेई (28), कुम्बी हाओटक, बिष्णुपुर के वाहेंगबाम संतोष मैतेई (19), कोडोमपोकपी ममांग लीकाई, इंफाल पश्चिम के क्षेत्रिमायुम डिक्सन सिंह (19) और इंफाल पूर्व के ताखेल ममांग लीकाई के चिंगखम रोमेश सिंह उर्फ याईफाबा (30) के रूप में की गई है।

# जेवर एयरपोर्ट उद्घाटनः जनसंपर्क तेज, एक लाख से अधिक लोगों के पहुंचने का दावा



**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन को लेकर जेवर विधानसभा क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं। ग्राम किशोरपुर और दयानतपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है, जहां हर घर में प्रधानमंत्री के आगमन की चर्चा है।

जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र के लोग इस ऐतिहासिक अवसर को उत्सव के रूप में मनाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने दावा किया कि जेवर विधानसभा क्षेत्र से एक लाख से अधिक लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिए पहुंचेंगे, जो क्षेत्र की एकजुटता और विकास के प्रति विश्वास को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि जब एयरपोर्ट निर्माण के लिए क्षेत्र के किसानों ने अपनी जमीनें समर्पित की हैं, तो प्रधानमंत्री का स्वागत करना क्षेत्रवासियों के लिए गर्व का विषय है। विधायक ने बताया कि वे पिछले कई दिनों से लगातार गांव-गांव जाकर जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं और लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 28 मार्च 2026 को आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में डेढ़ से दो लाख लोगों के पहुंचने की संभावना है

विधायक के नेतृत्व में क्षेत्र में तैयारियां जारी हैं और जनसहभागिता लगातार बढ़ रही है।

## दादरी विधायक तेजपाल नागर ने की लोगों से सहभागिता की अपील

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी विधानसभा क्षेत्र में 28 मार्च 2026 को प्रस्तावित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के भव्य उद्घाटन को लेकर उत्साह का माहौल बना हुआ है। इस ऐतिहासिक आयोजन में अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। इन सभाओं के माध्यम से दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचकर इस गौरवपूर्ण क्षण के साक्षी बनने का आह्वान कर रहे हैं।



निर्धारित कार्यक्रम के तहत साईं गार्डन एनक्लेव (विक्ट्री स्कूल के पास) में शाम 5:30 बजे, ओम साईं गार्डन एनक्लेव में शाम 6:00 बजे, ग्रीन एनक्लेव कॉलोनी (ग्रीन वे पब्लिक स्कूल) में शाम 6:30 बजे तथा राम श्याम कॉलोनी (उदय पब्लिक स्कूल) में शाम 7:00 बजे नुक्कड़ सभाएं आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा ग्राम अकीलपुर, ऊँचा गांव और खगोड़ा में भी जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इस दौरान हरेंद्र नागर, महकार, धर्मी प्रधान, सोविन्द्र नागर, चतर सिंह, दयाराम नागर, अजीत छावड़ी, बलजीत नागर, बिजेंद्र नंबरदार, पवन फागना, भीष्म शर्मा और चाहतराम सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। जनसामान्य से भी अनुरोध किया गया है कि वे निर्धारित समय के अनुसार पहुंचकर इस ऐतिहासिक आयोजन की गरिमा बढ़ाएं और क्षेत्र के विकास की इस नई उड़ान के सहभागी बनें।

## मिशन शक्ति 5.0 जागरूकता अभियान, महिलाओं को सुरक्षा संबंधी दी गई जानकारी



**ग्रेटर नोएडा।** पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के निर्देशन में महिला सुरक्षा को लेकर अभियान लगातार जारी है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के मार्गदर्शन एवं प्रभारी डीसीपी महिला सुरक्षा अनुकृति शर्मा के पर्यवेक्षण में 'मिशन शक्ति 5.0' (द्वितीय चरण) के अंतर्गत व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को मिशन शक्ति टीम द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों के स्कूलों, कॉलेजों, मोहल्लों और सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद किया गया। इस दौरान उन्हें महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई।

अभियान के तहत महिलाओं को उत्तर प्रदेश सरकार की 'मिशन शक्ति 5.0' पहल, भारतीय न्याय संहिता (BNS) में महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े प्रावधान, बाल विवाह निषेध, महिला सशक्तिकरण तथा 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियानों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों से बचाव के उपाय भी बताए गए। मिशन शक्ति टीम ने पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी, जिनमें डायल-112, महिला हेल्पलाइन-1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, साइबर हेल्पलाइन-1930, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098 और वन स्टॉप सेंटर-181 शामिल हैं।

महिलाओं एवं बालिकाओं को किसी भी आपात स्थिति में बिना झिझक पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान महिलाओं की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और जागरूकता को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## देखरेख के अभाव में पाथवे की हालत खराब

**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर गामा 2 के लोग गंदगी से परेशान हैं। सेक्टर के चारों ओर बनी ग्रीन बेल्ट पर कूड़ा पड़ा रहता है। ग्रीन बेल्ट पर बनाया गया पाथवे ख़राब हो गया है। सेक्टर में रहने वाले नरेंद्र ने बताया कि सेक्टर गामा 2 के बाउंड्री वॉल से सटी हुई ग्रीन बेल्ट पर लंबा पाथवे बना हुआ है। देखरेख के अभाव में इसकी हालत खराब होती जा रही है। पाथवे पर जगह-जगह पर कूड़ा पड़ा हुआ है। दोनों तरफ बड़ी-बड़ी झाड़ियां हो गई हैं। ऐसे में निवासी उसे पर जाने से भी डरते हैं। लोगों का आरोप है कि प्राधिकरण से शिकायत करने पर सुनवाई नहीं होती।

## नुक्कड़ नाटक से कचरा प्रबंधन का संदेश

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर बीटा-टू में सोमवार को प्राधिकरण ने स्वच्छता जागरुकता अभियान चलाया गया। नुक्कड़ नाटक के जरिए कचरा प्रबंधन का संदेश दिया गया। लोगों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने के महत्व के बारे में बताया गया। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष आरती शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में रिसाइकल, रीयूज और रिड्यूस का संदेश भी दिया गया।

## गांजा व शराब बेच रहे हिस्ट्रीशीटर महिला समेत 3 गिरफ्तार

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट पुलिस ने अवैध रूप से गांजा व शराब बेचने के आरोप में हिस्ट्रीशीटर महिला समेत 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने 4 किलो अवैध गांजा तथा 107 पाउच देशी शराब बरामद किया है। इसके अलावा पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर देशी तमंचा व चोरी का मोबाइल फोन बरामद किया है। गांजा बेचने के आरोप में पकड़ी गई महिला के खिलाफ विभिन्न आपराधिक मामलों में 12 मुकदमें दर्ज है।



थाना फेस-वन के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मान ने बताया कि एक सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने नूरी पत्नी मनोज निवासी सेक्टर-9 को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसकी उम्र 40 वर्ष है। इसके खिलाफ पूर्व में 12 मुकदमे दर्ज है। यह काफी दिनों से मादक पदार्थ बेचने के लिए धंधे में संलिप्त है। उन्होंने बताया कि यह महिला थाना फेस तीन की हिस्ट्रीशीटर है। उन्होंने बताया कि एक सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने इस्माइल पुत्र शहाबुद्दीन को सेक्टर-8 से गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने 107 पाउच देशी शराब बरामद किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी काफी दिनों से अवैध रूप से मादक पदार्थ बेच रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि एक अन्य मामले में थाना पुलिस राजपाल पुत्र महेंद्र को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने 1 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि इसकी गिरफ्तारी सेक्टर-10 के पास से हुई है। इसके अलावा थाना सेक्टर-20 पुलिस द्वारा गांजा तस्करी करने वाले 1 अभियुक्त विशाल पुत्र सत्यवीर को लोकल इंटेलिजेंस व बीट पुलिसिंग की सहायता से गिरफ्तार किया है। इसकी गिरफ्तारी गंगा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-29, नोएडा के पास से हुई है। अभियुक्त के कब्जे से 1 किलो 140 ग्राम गांजा बरामद किया गया है।

थाना जारचा के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाना पुलिस ने समाना नहर के पास से अभियुक्त रविन्द्र उर्फ रवि पुत्र राजेन्द्र को देशी तमंचा के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं थाना दादरी पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी करने वाला एक अभियुक्त कमल पुत्र प्रेमपाल को एनटीपीसी कट के पास से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी का मोबाइल फोन बरामद हुआ है।

## शहीद दिवस पर करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने दी श्रद्धांजलि, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का लिया संकल्प

**दनकौर।** सोमवार को शहीद दिवस के अवसर पर करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कैंप कार्यालय पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को याद करते हुए उनकी तस्वीरों पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश महासचिव दिनेश नागर और जिला उपाध्यक्ष कुलबीर भाटी ने कहा कि देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों का बलिदान अमूल्य है।



उन्होंने बताया कि शहीदों का त्याग और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है और हमें उनके आदर्शों पर चलकर देशहित में कार्य करना चाहिए। इस दौरान कुलबीर भाटी ने कहा कि जिस तरह क्रांतिकारियों ने देश को आजादी दिलाई, उसी प्रकार आज करप्शन फ्री इंडिया संगठन भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर देशभक्ति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई और शहीदों के सपनों का भारत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बलराज हुन, राकेश नागर, मुकेश कसाना, रविन्द्र नागर, राकेश बंसल, देवेंद्र प्रधान, विजयपाल, ओमपाल कसाना, तेजवीर चौहान, आकाश नागर, रामपाल, सुखबीर नागर और सुदेश नागर सहित कई लोग मौजूद रहे।

## सलाम नमस्ते में टीबी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**नोएडा।** आईएमएस नोएडा के सामुदायिक रेडियो सलाम नमस्ते में टीबी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्मार्ट संस्था के संयुक्त तत्वावधान में सेहत सही लाभ कई स्वास्थ्य श्रृंखला के अंतर्गत आज टीबी मुक्त भारत में शैक्षणिक संस्थानों के योगदान विषय पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को टीबी उन्मूलन के प्रति जागरूक करने और उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान संदेश देते हुए डॉ. श्वेता खुराना ने टीबी दिवस के अवसर पर लोगों से तंबाकू के खतरों के प्रति जागरूक रहने और टीबी उन्मूलन में सहयोग देने की अपील की।



उन्होंने युवाओं से टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता फैलाने, सोशल मीडिया के माध्यम से संदेश साझा करने, स्वयंसेवक बनने, टीबी मरीजों का सहयोग करने तथा तंबाकू निषेध के प्रति लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया गया। सलाम नमस्ते की स्टेशन हेड बर्षा छबारिया ने बताया कि आज के कार्यक्रम में जिला तंबाकू मुक्त संस्थान से जुड़े शिक्षकों, प्राचार्यों एवं निक्षय मित्रों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने तंबाकू के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तंबाकू का सेवन हमारे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। इससे टीबी का इलाज कठिन हो जाता है और मरीज की स्थिति और भी खराब हो सकती है। हम सभी को तंबाकू से दूर रहने का संकल्प लेना हिए दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करना चाहिए।

सोमवार को कार्यक्रम के दौरान जवाहर इंटर कॉलेज से रचना गुप्ता, मानव रचना स्कूल के कोऑर्डिनेटर अभय कुमार, निक्षय मित्र वरुण सिंह पुंडीर एवं बायोलॉजी शिक्षक शेखर श्रीवास्तव ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। वहीं कार्यक्रम के अंत में सेहत सही लाभ कई हेल्थ क्लब द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता में विशेष योगदान देने वाले युवाओं एवं अतिथियों को सेहत मित्र प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## एमिटी में जल प्रबंधन पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

**नोएडा।** विश्व जल दिवस के अवसर पर एमिटी विश्वविद्यालय में "जल प्रबंधन की अभिनव रणनीतियाँ से सतत विकास को गति" विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को सतत जल प्रबंधन, जल संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में विभिन्न विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों ने जल संकट से निपटने के उपायों पर अपने विचार साझा किए।



कार्यशाला का शुभारंभ पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के वैज्ञानिक सुंदीप, प्रो डी के बंद्योपाध्याय, डॉ. जगवीर सिंह, प्रो एस पी सिंह और डॉ. रेनू धुप्पर द्वारा किया गया। वक्ताओं ने जल प्रबंधन के क्षेत्र में बढ़ती चुनौतियों और उनके समाधान के लिए नवाचार तथा सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। सुंदीप ने कहा कि पारंपरिक जल प्रबंधन प्रणालियां प्रभावी थीं, लेकिन बदलते समय में उनका उपयोग कम हो गया है, जिससे आपूर्ति और मांग के बीच असंतुलन उत्पन्न हुआ है। उन्होंने किफायती तकनीकों और साझा प्रयासों के माध्यम से इन चुनौतियों से निपटने की आवश्यकता बताई। प्रो. डीके बंद्योपाध्याय ने जल की गुणवत्ता और उपलब्धता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि स्वच्छ जल सभी तक नहीं पहुंचता, तो विकसित भारत का लक्ष्य अधूरा रह जाएगा। उन्होंने जल संसाधनों के सतत उपयोग, अपशिष्ट जल प्रबंधन और सामुदायिक भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। डॉ. जगवीर सिंह ने जल संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हर बूंद कीमती है और प्राचीन भारतीय परंपराओं में भी इसका उल्लेख मिलता है। उन्होंने छात्रों को अनुसंधान और व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने की आवश्यकता बताई। प्रो एस.पी सिंह ने कहा कि जल संकट एक गंभीर समस्या है, जिसके समाधान के लिए ठोस प्रयासों की आवश्यकता है।

कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को सतत जल प्रबंधन की दिशा में जागरूक और प्रेरित करना है। डॉ. रेनू धुप्पर ने बताया कि यह कार्यशाला शैक्षणिक संस्थानों, उद्योगों और नीतिगत संगठनों के बीच सहयोग को बढ़ाने का मंच प्रदान करती है। उन्होंने पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए संवाद और साझेदारी को आवश्यक बताया। कार्यशाला के तकनीकी सत्र में शबनम हुसैन, प्रो अंशु गुप्ता और डॉ. संदीप कुमार शुक्ला ने भी अपने विचार रखे और जल प्रबंधन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी।




# 'खीर सेरेमनी' के साथ बजट सत्र की शुरुआत

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'विकसित और हरित दिल्ली' के संकल्प को दोहराया










**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र सोमवार को 'खीर सेरेमनी' के साथ शुरू हुआ। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'विकसित दिल्ली, हरित दिल्ली' के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि यह बजट राजधानी के लगभग 3 करोड़ दिल्लीवासियों के सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि 'खीर सेरेमनी' न केवल बजट प्रक्रिया की पारंपरिक शुरुआत है, बल्कि यह समृद्धि, शुभता और जनकल्याण के संकल्प का प्रतीक भी है, जो आगामी बजट में दिखाई देगा।

'खीर सेरेमनी' में मुख्यमंत्री के साथ किसान, स्कूल के विद्यार्थी, शिक्षक, डॉक्टरों, किन्नर समाज के लोग, महिला ड्राइवर, मीडियाकर्मियों ने भाग लिया। किसानों ने मुख्यमंत्री को पारंपरिक रूप से पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा सहित विधायक उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का यह दूसरा बजट दिल्ली के विकास की गति को और तेज करने वाला होगा। यह बजट न केवल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करेगा, बल्कि दिल्लीवासियों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का माध्यम भी बनेगा। यह बजट एक ऐसे दिल्ली के निर्माण की दिशा में अग्रसर है, जहां नागरिक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, उत्कृष्ट शिक्षा, सुदृढ़ आधारभूत संरचना और स्वच्छ एवं हरित वातावरण में जीवन यापन कर सकें। इस बजट में छात्रों के लिए बेहतर सुविधाएं, स्वास्थ्य क्षेत्र में सुदृढ़ इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वच्छता, प्रदूषण नियंत्रण और हरित परिवेश को प्राथमिकता दी जा रही है।

रेखा गुप्ता ने कहा कि 'विकसित दिल्ली, हरित दिल्ली' केवल एक नारा नहीं, बल्कि सरकार का स्पष्ट विजन है, जिसके माध्यम से एक सकारात्मक, सुरक्षित और समृद्ध वातावरण तैयार किया जाएगा, जहां आमजन सुख और संतोष के साथ जीवन व्यतीत कर सकें।

मुख्यमंत्री ने दिल्ली की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता के आशीर्वाद और विश्वास से ही सरकार निरंतर कार्य कर रही है। सरकार 24×7 जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है और हर दिन दिल्ली को और बेहतर बनाने के लिए कार्य करती रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली के अजमेरी गेट के पास छात्र पर धारदार हथियार से हमला, दो पकड़े गए

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के अजमेरी गेट के पास परीक्षा देकर लौट रहे एक छात्र पर धारदार हथियार से हमला करने के आरोप में एक किशोर सहित दो युवकों को पकड़ा गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों की पहचान सदर बाजार निवासी सुफियान (19)और 17 वर्षीय एक लड़के के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद शहर से भागने के दौरान आरोपियों को पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से पकड़ा गया। पुलिस उपायुक्त (मध्य) रोहित राजबीर ने कहा, ₹उन्हें 18 मार्च की शाम को आईपी एस्टेट थाने में चाकू से हमले के संबंध में सूचना मिली थी। घायल छात्र 'एंग्लो अरेबिक स्कूल' में पढ़ता है और वह 'आंध्र शिक्षा सोसाइटी' में परीक्षा देने गया था।₹ उन्होंने बताया कि घायल छात्र को लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने विभिन्न स्थानों के सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों को रेलवे स्टेशन से पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि पीड़ित के साथ उनका पुराना विवाद था और परीक्षा वाले दिन उनकी कहासुनी हुई थी। पुलिस के अनुसार, परीक्षा समाप्त होने के बाद आरोपी स्कूल गेट के पास इंतजार कर रहे थे। उन्होंने छात्र को रोका और उसके सिर पर धारदार हथियार से वार कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि वारदात में इस्तेमाल धारदार औजार बरामद कर लिया गया है तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### नवरात्र में वैकल्पिक मार्गों के प्रयोग की सलाह

**नई दिल्ली।** झंडेवालान मंदिर में नवरात्र समारोह के मद्देनजर 27 मार्च तक मध्य दिल्ली के प्रमुख मार्गों पर यातायात प्रतिबंधित रहेगा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस से जारी एडवाइजरी के अनुसार, इस अवधि के दौरान मध्याह्न 12 बजे से रात 10 बजे तक देशबंधु गुप्ता (डीबीजी) रोड पर कालका दास चौक और झंडेवालान गोलचक्कर के बीच बसों व वाणिज्यिक वाहनों सहित सभी भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध रहेगा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी में कहा है कि कालका दास चौक और झंडेवालान गोलचक्कर (गोलचक्कर) के बीच रानी झांसी रोड और डीबीजी रोड खंड पर यातायात बाधित होने की आशंका है। अजमेरी गेट या रानी झांसी रोड से आने वाले वाहनों के लिए एडवाइजरी में कहा गया है कि कालका दास चौक पहुंचने हेतु आर/ए बग्गा और फैज रोड होते हुए पंचकुइयां रोड का इस्तेमाल करें। इसी तरह कालका दास चौक से आने वाले वाहनों को गोलचक्कर बग्गा और पंचकुइयां रोड होते हुए फैज रोड का इस्तेमाल करने कहा गया है।

# दिल्ली विधानसभा के बाहर 'आप' विधायकों का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी (आआपा) के विधायकों ने सोमवार को विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन पार्टी के विधायकों के निलंबन के विरोध में किया गया। आआपा विधायकों ने विधानसभा परिसर के बाहर एक प्रतीकात्मक मार्च निकाला और अपनी बात रखने का प्रयास किया।




इस दौरान पुलिस ने बैरिकेडिंग की थी। इस पर आतिशी ने कहा कि जनता द्वारा चुने हुए विधायकों को विधानसभा तक जाने से रोका जा रहा है, सड़क पर बैरिकेड लगाकर लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि विपक्ष को सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने आआपा के विधायकों के निलंबन को लोकतांत्रिक सिद्धांतों पर हमला बताया। आतिशी ने कहा कि विधानसभा लोकतंत्र का मंदिर है, लेकिन विपक्ष की आवाज को कुचलने के लिए चुने हुए विधायकों को सस्पेंड कर दिया गया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार बिजली, पानी अस्पतालों की बदहाली और हालिया अग्निकांड पर बात करने से भाग रही है। उल्लेखनीय है कि जनवरी में शीतकालीन सत्र के दौरान सदन की कार्यवाही में बाधा डालने के आरोप में आआपा के चार विधायकों को निलंबित कर दिया गया था। उनका निलंबन अभी भी जारी है क्योंकि सदन के पिछले सत्र का अभी सत्रावकाश नहीं किया गया है।

# इमारत के बेसमेंट में रखी थीं 'अत्यधिक ज्वलनशील' सामग्री: आशीष सूद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने सोमवार को कहा कि पालम अग्निकांड के संबंध में अग्निशमन विभाग की प्रारंभिक रिपोर्ट में इमारत के तलघर में "अत्यधिक ज्वलनशील" सामग्री रखे होने का उल्लेख है। सूद ने आम आदमी पार्टी (आप) पर इस मामले में "आरोप-प्रत्यारोप" व "ओछी राजनीति" करने का आरोप लगाया तथा अग्निशमन सेवा को आधुनिक बनाने में विफल रहने के लिए पूर्ववर्ती सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

इस विषय पर आप की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। गृह मंत्री ने सदन में कहा, "पालम घटना की प्रारंभिक रिपोर्ट में उल्लेख है कि भूतल से छत तक जाने के लिए केवल एक ही सीढ़ी थी और इमारत के बाहर से सीढ़ी तक पहुंच संभव नहीं थी।" उन्होंने बताया कि इमारत के तलघर में कपड़े, सौंदर्य



प्रसाधन, थिनर, इत्र और नेल पॉलिश जैसी अत्यधिक ज्वलनशील सामग्री रखी हुई थीं। सूद ने कहा, "इन सबके बावजूद हमारी सरकार ने आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति नहीं की। मैं (इस घटना पर) दुख प्रकट करता हूं और इस कठिन समय में पूरी सरकार व मैं पीड़ित परिवार के साथ खड़ा हूं। मुख्यमंत्री ने दो घंटे के भीतर मजिस्ट्रेट जांच की घोषणा की और अनुग्रह राशि का भी ऐलान किया।" अपने वक्तव्य में उन्होंने जनवरी 2018 में बवाना औद्योगिक क्षेत्र में लगी आग, फरवरी 2019 में अर्पित होटल में लगी आग और 2019 में अनाज मंडी में लगी आग की घटना का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती सरकार का रवैया "जिम्मेदारी से भागने" वाला था।

सूद ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद से कई पहल प्रस्तावित हैं, जिनमें वायरलेस प्रणाली का उन्नयन, 50 त्वरित प्रतिक्रिया वाहनों की तैनाती और अग्निशमन कार्यों की प्रभावी निगरानी के लिए नया 'कमांड एवं कंट्रोल सेंटर' स्थापित करना शामिल है। पिछले सप्ताह पालम क्षेत्र में एक बहुमंजिला आवासीय इमारत में भीषण आग लगने से एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई थी, जिनमें 70 वर्षीय महिला और उनकी तीन पोतियां शामिल थीं। घटना के बाद से आम आदमी पार्टी भाजपा सरकार पर अग्निशमन तंत्र में चूक का आरोप लगाती रही है।

# एमसीडी ने दया बस्ती रेलवे स्टेशन से हटाया 250 मीट्रिक टन लेगेसी कचरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने संकरे रास्तों वाले दया बस्ती रेलवे स्टेशन स्थल पर बड़े पैमाने पर लेगेसी कचरा हटाने का कार्य संपन्न किया। नगर निगम ने गंभीर लॉजिस्टिक चुनौतियों से निपटने के लिए बीआरएन रेलवे वैगनों का रणनीतिक रूप से उपयोग कर कचरे को उठाने और उसके परिवहन की व्यवस्था की। इस पहल ने एमसीडी को घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्र में कचरा हटाने के कार्य को प्रभावी ढंग से संचालित करने में सक्षम बनाया।

निगम ने निर्धारित रेलवे लाइन ब्लॉकेज के दौरान वरिष्ठ जोनल अधिकारियों की उपस्थिति में कूड़े का लोडिंग कार्य किया। कुल 10 बीआरएन वैगनों को सफलतापूर्वक लोड किया गया जिससे दया बस्ती स्थल से लगभग 250 मीट्रिक टन लेगेसी कचरा हटाया गया। करोल बाग जोन के उपायुक्त दिलखुश मीणा ने कहा कि यह पहल दिल्ली में अपनी तरह का पहला मॉडल है, जो लेगेसी कचरे के निस्तारण के लिए रेलवे लॉजिस्टिक्स के प्रभावी उपयोग को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास घनी आबादी वाले क्षेत्रों में स्वच्छ और



स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने के लिए निरंतर जारी रहेंगे।

# स्वाति मालिवाल ने संसद में उठाया राज्यों के महिला आयोग में खाली पदों का मुद्दा

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद स्वाति मालिवाल ने सोमवार को संसद में दिल्ली महिला आयोगों की बदहाल स्थिति को लेकर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने शून्यकाल में यह मुद्दा उठाते हुए दिल्ली महिला आयोग को तुरंत फिर से शुरू करने और देशभर में महिला आयोग में खाली पड़े पदों को भरने की मांग की।

संसद में बोलते हुए मालीवाल ने कहा कि भारत में हर 15 मिनट में एक महिला के साथ दुष्कर्म होता है, और ये सिर्फ दर्ज मामलों के आंकड़े हैं। असल स्थिति इससे भी ज्यादा गंभीर है। उन्होंने बताया कि 1992 में महिला आयोग बनाए गए थे, लेकिन आज भी इन संस्थाओं के पास पर्याप्त अधिकार, स्वतंत्र फंडिंग और स्वायत्तता नहीं है। कई संसदीय समितियों ने भी इस पर चिंता जताई, लेकिन अब तक ठोस कदम नहीं उठाए गए। मालीवाल ने देश के



अलग-अलग राज्यों की स्थिति को चिंताजनक बताया। उन्होंने कहा कि झारखंड महिला आयोग जून 2020 से बंद है, जहां 4,000 से ज्यादा मामले लंबित हैं। मध्य प्रदेश में महिला आयोग के अध्यक्ष का पद पिछले 6 साल से खाली है, जिससे 26,000 मामले लंबित हैं। दिल्ली महिला आयोग की स्थिति पर उन्होंने खास तौर पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पिछले दो साल से आयोग बंद पड़ा है, वहां न कोई अध्यक्ष है और न ही सदस्य। उन्होंने सवाल किया, "जब न्याय देने वाली संस्था ही बंद हो जाए, तो पीड़ित कहां जाए?" मालीवाल ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि 2015 से 2024 के बीच दिल्ली महिला आयोग ने 1.74 लाख मामलों को संभाला और हेल्पलाइन पर 40 लाख कॉल्स आईं। उन्होंने कहा कि आयोग की टीम 24 घंटे महिलाओं की मदद के लिए तैयार रहती थी। उन्होंने कई मामलों का जिक्र करते हुए बताया कि किस तरह एक 14 साल की लड़की को अत्याचार से बचाया गया और पहाड़गंज में 39 नेपाली लड़कियों को मानव तस्करी से छुड़ाया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे काम मजबूत संस्थाओं के बिना संभव नहीं हैं। मालीवाल ने आरोप लगाया कि 2024 में दिल्ली महिला आयोग को राजनीतिक कारणों से कमजोर कर दिया गया, फंड रोके गए और स्टाफ हटा दिया गया। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों से मांग की कि सभी महिला आयोगों को तुरंत सक्रिय किया जाए ।

# श्याम लाल कॉलेज पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में

**नई दिल्ली।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के मैदान में आयोजित पांचवें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी (पुरुष एवं महिला) टूर्नामेंट में श्याम लाल कॉलेज और हंसराज कॉलेज ने पुरुष वर्ग में बड़े अंतर से जीत दर्ज की। श्याम लाल कॉलेज ने किरोड़ी मल कॉलेज को 7-0 से मात दे कर लगातार पांचवीं जीत के साथ फाइनल में प्रवेश किया। टीम के लिए प्रत्युष सिंह जग्गी, नंद किशोर और पंकज ने दो-दो गोल किए। मनमोहन ने एक गोल किया। पंकज को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। पुरुष वर्ग के एक अन्य मैच में हंसराज कॉलेज ने सेंट स्टीफन्स कॉलेज को 8-0 से हराया। टीम के लिए गौरव जू. ने पांच गोल किए। अभिषेक, सागर यादव और गौरव झा ने एक-एक




गोल किया। गौरव जू. को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। महिला वर्ग में विवेकानंद कॉलेज ने भारती कॉलेज को 3-0 से पराजित किया। विजेता टीम की ओर से शुभम, राखी और निकिता ने गोल किए। शुभम को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला।

# स्कंदमाता पूजन में आतंकवाद के नाश की कामना, भक्ति कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्ली।** शाहदरा के गोरख पार्क स्थित श्री राजमाता झंडेवाला मंदिर में स्वर्ण जयंती नवरात्रि महोत्सव के पांचवें दिन स्कंदमाता पूजन का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर आतंकवाद रूपी राक्षस के नाश और विश्व में शांति व स्थिरता की कामना की गई। कार्यक्रम स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज के सान्निध्य में संपन्न हुआ। सदगुरु दरबार के प्रबंधक राम वोहरा ने बताया कि मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान देवी स्कंदमाता के स्वरूप और उनके द्वारा असुर शक्तियों के नाश की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि प्राप्त शक्ति का उपयोग वैर के लिए नहीं, बल्कि ममता और कल्याण के लिए होना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में फैल रही नकारात्मक प्रवृत्तियों और छल-कपट से लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान भजन गायक आकाशदीप लक्ष्यद्वीप बंधुओं ने भक्ति



गीत प्रस्तुत किए, जिन पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। वहीं, डेकोरम स्कूल की छात्राओं ने मां दुर्गा के विभिन्न रूपों पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। समापन पर सामूहिक दुर्गा चालीसा पाठ किया गया और इसके बाद श्रद्धालुओं को फलाहार भंडारा प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर प्रबंधन की ओर से छात्राओं और विद्यालय की प्रधानाचार्य को सम्मानित भी किया गया।

# दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को शहीद दिवस के अवसर पर देश के महान क्रांतिकारियों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा ने सोमवार को दिल्ली भाजपा कार्यालय में आयोजित एक समारोह में पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ भारत के इन वीर सपूतों को श्रद्धासुमन अर्पित किया। सचदेवा ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के वे अमर नायक हैं, जिन्होंने अपनी मातृभूमि के लिए हंसते-हंसते प्राण न्यौछावर कर दिए। इन तीनों क्रांतिकारियों ने 'इंकलाब जिंदाबाद' के नारों से ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला दी थी और 23 मार्च 1931 को लाहौर जेल में उन्हें फांसी दी गई, जिसे आज 'शहीद दिवस' के रूप में मनाते हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि उनका बलिदान केवल एक राजनीतिक विरोध नहीं,



बल्कि देश के युवाओं के लिए देशभक्ति की एक मशाल थी। आज भी उनका साहस और वैचारिक स्पष्टता करोड़ों भारतीयों को प्रेरित करती है। इन महान सपूतों का बलिदान इतिहास में सदैव स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। इसके अलावा दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक सतीश उपाध्याय ने स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ मालवीय नगर स्थित भगत सिंह पार्क में आयोजित एक कार्यक्रम में भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की।

# टीवी सेटों में सूक्ष्म सेट टॉप बॉक्स लगा हुआ मिलेगा, 450 चैनल मुफ्त देख सकेंगे

**नई दिल्ली।** सरकार ने आज ऐसी तीन पहलों की शुरूआत की जिनके तहत देश में बनने वाले सभी टेलीविजन सेटों में अनिवार्य रूप से सेट टॉप बॉक्स लगा हुआ आएगा जिससे चार सौ से अधिक टीवी चैनल निःशुल्क देखे जा सकेंगे।

राष्ट्रीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कौशल पहल के तहत कंटेट निर्माण करने वालों को 15 हजार लैब्स के माध्यम से कंटेट रचनात्मक ऑडियो विजुअल कंटेंट के निर्माण में एआई के प्रयोग का प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ-साथ प्रदर्शन के लिए डिजीटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया गया। रेल, सूचना प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां रेल भवन में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में माईवेब्स डिजिटल प्लेटफॉर्म, टीवी ट्यूनर एवं एडवांस ईपीजी तथा नेशनल एआई स्किलिंग इनीशिएटिव कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। इस मौके पर सूचना प्रसारण सचिव संजय जाजू, प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी, यूट्यूब इंडिया एवं गूगल इंडिया के अधिकारी उपस्थित थे। इस मौके पर



अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ये तीनों पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज़न को बल प्रदान करतीं हैं जिसमें वह तकनीक एवं तकनीकी मंच के लोकतंत्रीकरण को आवश्यक बताते हैं। प्रधानमंत्री की सोच है कि सभी घरों में निःशुल्क उच्च गुणवत्ता वाला कंटेंट पहुंचे।

उन्होंने कहा कि अब टेलीविजन पर विभिन्न चैनलों को देखने के लिए सेट टॉप बॉक्स लगाने की कोई जरूरत नहीं होगी। देश के सभी टेलीविज़न सेट विनिर्माताओं ने सैकड़ों टीवी सेट बाजार में उतार दिये हैं जिनमें सेट टॉप बॉक्स की जगह एक बहुत छोटा का टीवी ट्यूनर कार्ड लगा है और उससे करीब साढ़े चार सौ चैनल निःशुल्क देखे जा सकेंगे। वैष्णव ने कहा कि इसी प्रकार से माईवेब्स डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से भारत में ऑरेंज इकोनॉमी को बढ़ावा देने की पहल को बल मिलेगा। भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईसीटी) के सहयोग से देश में 15000 लैब खोली जाएंगी जिनमें उद्योग, विद्यार्थी और आईआईसीटी, तीनों को एकसाथ लाकर गुणवत्तापूर्ण कंटेट क्रियेशन को बढ़ावा देने एवं उन्हें डिजिटल बाज़ार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हाल में शुरू की गई क्रियेटर्स कॉर्नर की पहल सफल रही है तथा जल्द ही ऑडियो कंटेट बनाने वाले क्रियेटर्स के लिए आकाशवाणी एवं अन्य डिजीटल प्लेटफॉर्म्स पर मौका उपलब्ध कराया जाएगा। सूचना प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा कि तीन मुख्य पहलें- नेशनल एआई स्किलिंग इनिशिएटिव, माईवेब्स प्लेटफॉर्म और टीवी ट्यूनर के साथ एडवांस्ड ईपीजी—सरकार के व्यापक लक्ष्यों के अनुरूप हैं।

उन्होंने एआई स्किलिंग पहल में अपनी साझीदारी के लिए यूट्यूब और गूगल का आभार व्यक्त किया। जाजू ने घोषणा की कि अब सभी टेलीविज़न सेट इनबिल्ट डी2एच फ्री डिश सिस्टम के साथ आएंगे, जिससे अलग से सेट-टॉप बॉक्स की ज़रूरत खत्म हो जाएगी। हालांकि डिश लगानी पड़ेगी। जाजू ने बताया कि कंटेंट बनाने वाले, खासकर युवा, माईवेब्स प्लेटफॉर्म का सक्रिय रूप से उपयोग कर रहे हैं और उन्होंने और भी लोगों को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। माईवेब्स प्लेटफॉर्म कंटेंट बनाने वालों को न केवल अपना कंटेंट बनाने, बल्कि उसे अपलोड करने और साझा करने में भी सक्षम बनाता है। इससे कंटेंट बनाने वालों और सरकार, दोनों को ही विभिन्न चुनौतियों से निपटने में लाभ मिलेगा।

# उपराष्ट्रपति, लोकसभा अध्यक्ष समेत कई नेताओं ने शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि दी



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और गृहमंत्री अमित शाह समेत कई नेताओं ने सोमवार को शहीद दिवस पर भगत सिंह, राजगुरु तथा सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की।

उप राष्ट्रपति ने एक्स पर लिखा कि भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस पर मैं स्वतंत्रता संग्राम के इन अमर नायकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। राष्ट्र के प्रति उनके अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और सर्वोच्च बलिदान देशभक्ति और निःस्वार्थ सेवा के सर्वोच्च आदर्शों का प्रतीक हैं। उनकी विरासत पीढ़ियों को न्याय, स्वतंत्रता और राष्ट्रीय एकता के मूल्यों को कायम रखने के लिए प्रेरित करती रहेगी। आज के दिन, आइए हम एक सशक्त, समावेशी और प्रगतिशील भारत के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए इन महान स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करें। ओम बिरला ने कहा कि उनका जज़्बा और आदर्श आज भी हर भारतीय के हृदय में राष्ट्रसेवा की प्रेरणा जगाते हैं। मातृभूमि के प्रति यह समर्पण सदैव हमारे लिए प्रेरक रहेगा।

अमित शाह ने कहा कि भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव ने अपने विचार और व्यवहार दोनों से मातृभूमि की आजादी के लिए युवाओं को प्रेरित किया। इन वीरों के पराक्रम की गूंज ने पूरी अंग्रेजी हुकूमत को भयभीत कर दिया। मातृभूमि की आजादी के लिए फाँसी के फंदे पर झूल जाने वाले इन वीरों की वीरगाथा का स्मरण कर रोम-रोम राष्ट्रभक्ति से भर उठता है।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले महान क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू के बलिदान दिवस पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा उनका अद्वितीय साहस, त्याग और समर्पण सदैव हमें प्रेरित करता रहेगा। कृतज्ञ राष्ट्र उनके बलिदान का सदैव ऋणी रहेगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि देश के लिए बेखौफ लड़ते हुए उनका संघर्ष और सर्वोच्च बलिदान हर भारतवासी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

# मोदी सिर्फ एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार, एक संस्था हैं: शिवराज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री और अब देश के प्रधानमंत्री के तौर पर सरकार प्रमुख के रूप में नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल के 8,931 दिन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सिर्फ एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार, एक संस्था हैं।

दिन-रात काम करना और उनकी परिश्रम की परिकाष्ठा ने इसका एक ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया है कि मन गर्व और आनंद से भर जाता है। शिवराज ने भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी प्रधानमंत्री बने और इसके बाद देश के विकास के एक नए युग का प्रारंभ हुआ। मोदी के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। वो राष्ट्र के आराधक और जनता के सेवक हैं। यही उनके कार्यों की मूल प्रेरणा है। बीते दिनों की यादें ताजा करते हुए उन्होंने कहा कि जिस दिन उनकी माताजी का स्वर्गवास हुआ था, बेहद सादगीपूर्ण तरीके से अंतिम संस्कार संपन्न हुआ और हमने देखा कि जो प्रधानमंत्री मोदी का पूर्व निर्धारित कार्यक्रम था और वो रेलवे के उस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर झंडी दिखा रहे थे। ये अपने आप में अद्भुत



घटना है। उन्होंने कहा कि साल 2011, 2012, 2013 के वो काले दिन थे, जब चारों तरफ घोटालों का शोर सुनाई पड़ता था।

बेइमानी, भ्रष्टाचार घोटाले सब चरम सीमा पर थे। उन दिनों भ्रष्टाचार ही देश की पहचान बन गई थी। जनता हताश और निराश थी। निराशा के इस अंधकार में आशा और विश्वास के प्रतीक बनके निकले मोदी। देश में चारों तरफ सिर्फ मोदी-मोदी। शिवराज ने कहा कि एक जमाना था, जब निवेशकों को कहा जाता था कि गुजरात मत जाना। गुजरात कभी भयानक सूखे से जूझता था। नर्मदा का जल समुद्र में बह जाता था और सरदार सरोवर डैम वर्षों तक राजनीति में अटका रहा। फिर मोदी ने गुजरात के कायाकल्प का संकल्प लिया।

उन्होंने प्रण लिया कि कैसे नर्मदा के पानी गुजरात की जनता के सूखे कंठों की प्यास बुझाए और कैसे खेतों में फसल लहलहाए। उन्होंने कहा कि वे मोदी को 35 वर्षों से जानते हैं। वे भारत माता के सच्चे उपासक और राष्ट्र के आराधक हैं।

# एलपीजी की सप्लाई अभी चिंता का विषय लेकिन सामान्य हुई सिलेंडर की डिलीवरी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के बीच पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव (मार्केटिंग) सुजाता शर्मा ने सोमवार को कहा कि अब देश में एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी सामान्य हो गई है। पिछले तीन हफ्तों में लगभग 3.5 लाख घरेलू और कमर्शियल पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं या चालू किए गए हैं।

शर्मा ने कहा कि एलपीजी की सप्लाई अभी भी चिंता का विषय बनी हुई है, लेकिन एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप पर कोई कमी नहीं है। एलपीजी की घबराहट में की जाने वाली बुकिंग कम हो गई है और डिलीवरी सामान्य है। सुजाता शर्मा ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अब तक 1.9 लाख उपभोक्ता एलपीजी से पीएनजी में शिफ्ट हो चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि मौजूदा मांग का 50-60 फीसदी हिस्सा घरेलू एलपीजी का है। उन्होंने कहा कि सरकार ₹जहां भी उपलब्ध हो₹ वहां से एलपीजी कार्गो ले रही है। पश्चिम एशिया संकट के बीच आज विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने एक अंतर-मंत्रालयी प्रेस ब्रीफिंग में ऊर्जा आपूर्ति, बंदरगाह संचालन और लोगों



को सुरक्षित निकालने के प्रयासों को लेकर सरकार की तैयारियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। इसमें उन्होंने स्थिति को काफी हद तक सामान्य बताया, हालांकि कुछ क्षेत्रों को लेकर चिंताएं भी जाहिर कीं।

ईंधन की उपलब्धता के बारे में जानकारी देते हुए सुजाता शर्मा ने कहा कि कच्चे तेल का भंडार पर्याप्त मात्रा में मौजूद है, जिससे यह संकेत मिलता है कि फिलहाल भंडार पर किसी तरह का तत्काल दबाव नहीं है। शर्मा ने कहा कि एलपीजी की घबराहट में की जाने वाली बुकिंग कम हो गई है और डिलीवरी सामान्य है। शर्मा ने कहा कि कमर्शियल एलपीजी का आवंटन बढ़ाकर 50 फीसदी कर दिया गया है। अब कमर्शियल एलपीजी की लगभग 50 फीसदी मात्रा राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकार में होगी। भारत सरकार ने राज्य सरकारों से अनुरोध किया है कि वे इस आवंटन में रेस्टोरेंट, ढाबे, होटल, औद्योगिक कैंटीन, फ़ूड प्रोसेसिंग, डेयरी यूनिट, राज्य सरकार या स्थानीय निकायों की रियायती कैंटीन या खाने के आउटलेट, सामुदायिक रसोई को शामिल करें।

उन्होंने कहा कि अब तक लगभग 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने कमर्शियल एलपीजी आवंटित की है और लगभग 15 हजार 800 टन कमर्शियल एलपीजी उठाई गई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि हमारी रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं, कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है और रिटेल आउटलेट सामान्य रूप से चल रहे हैं। प्राकृतिक गैस के मामले में घरेलू उपभोक्ताओं और सीएनजी परिवहन के लिए 100 फीसदी आपूर्ति बनाए रखी जा रही है।

भारत सरकार ने सीजीडी संस्थाओं को कमर्शियल कनेक्शनों को प्राथमिकता देने की सलाह दी है। सुजाता शर्मा ने कहा कि कालाबाजारी और जमाखोरी को रोकने के लिए राज्य सरकारों से लगातार अनुरोध किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई पत्र जारी किए गए हैं। 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। साथ ही जिला-स्तरीय निगरानी समितियां भी गठित की गई हैं। पिछले कुछ दिनों में लगभग 37 हजार छापे मारे गए हैं, जबकि 550 से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गई हैं। इसके अलावा 150 से ज़्यादा लोगों को गिरफ़्तार किया गया है। सुजाता शर्मा ने इस बात से इनकार कर दिया है कि 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी के सिलेंडर को 10 किलोग्राम में बदलने की तैयारी है।

शर्मा ने कहा कि यह पूरी तरह से अटकलों पर आधारित है और किसी भी अटकल पर कोई टिप्पणी या स्पष्टीकरण नहीं दिया जा सकता। अफवाहों पर विश्वास न करें। बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने मीडिया से कहा कि 22 भारतीय जहाज और उन पर सवार 600 भारतीय नाविक सभी सुरक्षित हैं। किसी बड़ी घटना की कोई रिपोर्ट नहीं है। उन्होंने बताया कि अपनी पिछली प्रेस ब्रीफिंग में मैंने 611 भारतीय नाविकों का जिक्र किया था, उनमें से 11 ने जहाज छोड़ दिया है। इसीलिए अभी यह संख्या 600 है। सिन्हा ने कहा कि डीजी शिपिंग लगातार तालमेल बिठा रहे हैं। पिछले 24 घंटों में 60 फोन कॉल और 129 ई-मेल मिले और उनका जवाब दिया गया है। कार्गो की आवाजाही को लेकर किसी भी बंदरगाह पर किसी तरह की भीड़भाड़ की कोई रिपोर्ट नहीं है।

# गुरदासपुर में वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव का फैसला महत्वपूर्ण कदमः बिट्टू

**नई दिल्ली।** रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने सोमवार को गुरदासपुर में वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव के फैसले का स्वागत करते हुए इसे सीमा क्षेत्रों के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। बिट्टू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में लिया गया यह निर्णय सरकार की उस स्पष्ट सोच को दर्शाता है, जिसके तहत सीमावर्ती जिलों को सशक्त बनाने और वहां बुनियादी ढांचे को मजबूत करने



पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बिट्टू ने कहा कि अमृतसर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस (26405/26406) का गुरदासपुर में ठहराव शुरू होने से स्थानीय लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी और सुविधा मिलेगी। इससे न केवल यात्रियों को लाभ होगा, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी।उन्होंने इस महत्वपूर्ण निर्णय पर गुरदासपुर के लोगों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं भी दीं।

# प. बंगाल-असम में भाजपा की जीत तय, तमिलनाडु में भी राजग सत्ता में आएगा : जोशी

**बागलकोट।** केंद्रीय खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रह्लाद जोशी ने दावा किया है कि पश्चिम बंगाल और असम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को हार का सामना करना पड़ेगा, जबकि असम में भाजपा फिर से सत्ता में आएगी। इसके अलावा, उन्होंने तमिलनाडु में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सत्ता में आने का भी भरोसा जताया।

कर्नाटक के बागलकोट विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार



वीरन्ना चरंतीमठ के समर्थन में आयोजित रोड शो के दौरान उन्होंने यह बयान दिया। प्रह्लाद जोशी ने कहा कि इस राज्य में भी भाजपा के पक्ष में माहौल बन रहा है और पार्टी उपचुनाव में जीत हासिल करेगी।सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल और असम में 'कट्टरपंथियों का खेल' समाप्त हो रहा है। साथ ही कर्नाटक में 'तुष्टिकरण की राजनीति' खत्म करने की जरूरत बताते हुए लोगों से कांग्रेस सरकार को सत्ता से हटाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि चुनावों में भाजपा के पक्ष में लहर दिखाई दे रही है और जनता का समर्थन पार्टी के लिए मजबूत आधार बनेगा। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाएं और सरकार के विकास कार्य भाजपा की जीत सुनिश्चित करेंगे।

# भारतीय सेना की शौर्य और बलिदान की परंपरा से जुड़ना गर्व का विषय : सीएम मोहन यादव

## भोपाल में सेना दिवस 15 जनवरी 2027 को होगी नई दिल्ली की 26 जनवरी जैसी परेड

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने हर मौके और मोर्चे पर अदम्य साहस, शौर्य और सामर्थ्य का प्रदर्शन किया है। देश के हर व्यक्ति और परिवार के लिए भारतीय सेना की शौर्य और बलिदान की परंपरा से जुड़ना गर्व का विषय है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मुख्य सचिव अनुराग जैन और चीफ ऑफ आर्मी स्टॉफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी की उपस्थिति में भोपाल स्थित मुख्यमंत्री समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय नीरज मंडलोई, पुलिस महानिदेशक



कैलाश मकवाना तथा सेना के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेशवासियों को भारतीय सेना की समृद्ध सैन्य विरासत से परिचित कराने और प्रदेश के युवाओं को भारतीय सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आगामी सेना दिवस 15 जनवरी 2027 को भोपाल में विशेष परेड आयोजित की जाएगी।

भोपाल में सेना दिवस पर होने वाले इन कार्यक्रमों में शामिल होने का अनुभव, गणतंत्र दिवस 26 जनवरी पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर होने वाले कार्यक्रमों के समान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की राजधानी भोपाल में होने वाले इस आयोजन के लिए राज्य सरकार, भारतीय सेना को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई सैन्य अधिकारियों की बैठक में सेना प्रमुख, जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बताया कि आगामी सेना दिवस 15 जनवरी 2027 को भोपाल में भव्य सेना दिवस परेड आयोजित की जाएगी।

इसके साथ ही शौर्य संध्या, सेना के हथियारों संसाधनों और उपकरणों पर केंद्रित प्रदर्शनी तथा सैन्य अभ्यास का प्रदर्शन भी होगा। सेवानिवृत्त सैनिकों का सम्मान भी किया जाएगा। सभी गतिविधियां गणतंत्र दिवस 26 जनवरी पर नई दिल्ली में होने वाले कार्यक्रमों की भव्यता और गरिमा के समान संचालित की जाएगी। कार्यक्रम में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल होंगे।

# बिरला ने श्रीलंकाई प्रतिनिधिमंडल से की मुलाकात, सहयोग और संबंधों पर दिया जोर

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने श्रीलंका की संसद की मूलभूत ढांचा और सामरिक मुद्दों पर निगरानी समिति के अध्यक्ष एसएम मारिक्कर के नेतृत्व में आए संसदीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर संसदीय सहयोग, द्विपक्षीय संबंधों और मूलभूत ढांचा क्षेत्र में साझेदारी को विस्तार देने पर जोर दिया।



संसद भवन में मुलाकात के दौरान ओम बिरला ने कहा कि भारत और श्रीलंका के रिश्ते केवल पड़ोसी देशों के नहीं हैं, बल्कि साझा संस्कृति और विरासत से जुड़े आत्मीय संबंध हैं। भारतीय संसद का बजट सत्र देश के विकास से जुड़ी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा का अवसर देता है, जहां सरकार के खर्च और नीतियों की गहन समीक्षा कर भविष्य की दिशा तय की जाती है। लोकसभा अध्यक्ष ने संसदीय समितियों को 'मिनी संसद' बताते हुए कहा कि इन समितियों में मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श कर ठोस और प्रभावी निर्णय तैयार किए जाते हैं। उन्होंने भारत-श्रीलंका संसदीय मैत्री समूह को द्विपक्षीय संबंधों में नई ऊर्जा देने वाला कदम बताया और सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। बिरला ने कहा कि यह संवाद दोनों देशों के संसदीय संबंधों को नई ऊंचाई देगा और साझा प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगा। मुलाकात के दौरान दोनों पक्षों ने मूलभूत संरचना के क्षेत्र में सहयोग विस्तार पर भी सहमति जताई।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 35 प्रस्तावों पर मुहर

# उप्र में गेहूं का एमएसपी 2,585 रुपये प्रति क्विंटल तय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने सोमवार को एक बड़ा फैसला करते हुए गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में इस वर्ष 160 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा छंटाई, सफाई और उतराई के मद में किसानों को खरीद एजेंसियों के माध्यम से 20 रुपये प्रति क्विंटल दिए जाएंगे। यहां मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में संपन्न हुई मंत्रिमंडल की बैठक में खाद्य एवं रसद विभाग से जुड़े अहम फैसले के तहत इस वर्ष गेहूं का एमएसपी 2,585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 160 रुपये प्रति क्विंटल अधिक है।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि केंद्र सरकार ने इस साल गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,585 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है, जो पिछले साल की तुलना में 160 रुपये अधिक है। शाही ने कहा कि रामनवमी के बाद 30 मार्च, 2026 से 15 जून, 2026 तक इसकी खरीदारी की जाएगी। राज्य में आठ क्रय एजेंसियों द्वारा खरीद होगी और 6,500 क्रय केन्द्र सभी 75 जिलों में संचालित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि एफसीआई, खाद्य एवं विपणन विभाग, उप्र मंडी परिषद, उप्र पीसीएफ, पीसीओयू, उप्र एसएस, नैफेड, एनसीसीएफ के माध्यम से खरीद होगी। शाही ने कहा कि कृषि उत्पादक संगठनों और कृषि उत्पादक कंपनियों को भी खरीद की अनुमति रहेगी। हालांकि, इनके लिए शर्त यह है कि इनके बैंक खाते में 20 लाख रुपये होने चाहिए और एक वर्ष पूर्व का पंजीकरण होना चाहिए। कृषि मंत्री ने कहा कि इसके अलावा छंटाई, सफाई और उतराई के मद में कृषकों को खरीद एजेंसियों के माध्यम से 20 रुपये प्रति क्विंटल दिया जाएगा, जिसका वहन मंडी परिषद करेगी। शाही ने बताया कि इस पर लगभग 60 करोड़ रुपये का और व्यय होगा जिसे मंडी परिषद वहन करेगी। प्रयास होगा कि अधिकांश किसानों की फसल खरीद ली जाए। किसानों के पंजीकरण, प्रचार-प्रसार और सभी इंतजामों के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अच्छी फसल हुई है और कृषि विभाग ने अच्छे बीज उपलब्ध कराये थे।



## वैश्विक कंपनियों के लिए तैयार होंगे आधुनिक बिजनेस पार्क

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में "उत्तर प्रदेश निजी बिजनेस पार्क विकास योजना-2025" को मंजूरी दे दी गई है। इस योजना के तहत प्रदेश में विश्वस्तरीय प्लग-एंड-प्ले बिजनेस पार्क विकसित कर वैश्विक निवेश, रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास को नई गति दी जाएगी। राज्य के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार ने सोमवार को बताया कि अभी तैयार इंफ्रास्ट्रक्चकर के अभाव में परियोजनाओं में देरी और लागत वृद्धि होती है। यह योजना इस समस्या का समाधान करते हुए आधुनिक व रेडी-टू-यूज इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराएगी, जो प्रदेश की औद्योगिक निवेश नीतियों का पूरक बनेगा। उन्होंने बताया कि विश्वस्तरीय बिजनेस पार्कों की स्थापना से औद्योगिक सेटअप में तेजी आएगी, बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित होगा, हजारों रोजगार के अवसर सृजित होंगे, राज्य के राजस्व में वृद्धि होगी,एमएसएमई और स्टार्टअप को समर्थन मिलेगा और औद्योगिक क्लस्टरिंग को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही साझा जोखिम (रिस्क शेयरिंग) मॉडल को प्रोत्साहन मिलेगा।

## नवयुग पालिका योजना के प्रस्ताव को मंजूरी

**लखनऊ।** ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने बताया कि पावर प्लांट के लिए भारत सरकार द्वारा झारखण्ड के दुमका में आवंटित कोल माइन के विकास के लिए दो हजार 242.90 करोड़ राशि के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गयी है। उल्लेखनीय है कि परंपरागत ऊर्जा में घाटमपुर पॉवर प्लांट में 660 मेगावॉट की तीन यूनिट लगाने का प्रावधान था। दो यूनिट प्रारंभ हो चुकी है। तीसरी जल्द शुरू होने वाली है। इस प्लांट के लिए 2016 में भारत सरकार द्वारा झारखंड के दुमका में पछवारा कोल माइन एलॉट किया गया था। इस कोल माइन के विकास के खर्च के लिए 2242.90 करोड़ राशि को कैबिनेट द्वारा मंजूरी दी गयी है। घाटमपुर पॉवर प्लांट भारत सरकार व प्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम है। जिला मुख्यालय के नगर पालिकाओं को स्मार्ट बनाने हेतु बजट में उल्लेखित नवयुग पालिका योजना के प्रस्ताव को मंत्रिपरिषद की मंजूरी मिली है। प्रदेश के 75 जनपदों में 17 नगर निगम वाले जिलों को छोड़कर, समस्त 58 जिला मुख्यालय में यह योजना लागू होगी।

## चिलुआताल में 'फ्लोटिंग सोलर प्लांट' लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी

**लखनऊ।** मंत्रिमंडल ने गोरखपुर के चिलुआताल में 20 मेगावाट क्षमता का 'फ्लोटिंग सोलर प्लांट' स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। राज्य के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 'फ्लोटिंग सोलर प्लांट' स्थापित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। 'फ्लोटिंग सोलर प्लांट' में सोलर पैनल जमीन पर लगाने के बजाय जलाशयों, झीलों, बांधों या तालाबों की सतह पर स्थापित किए जाते हैं। शर्मा ने बताया कि अयोध्या को राज्य की पहली 'सोलर सिटी' के रूप में विकसित किया गया है और अब प्रदेश के अन्य 16 नगर निगमों को सोलर सिटी के रूप में स्थापित करने के लिए अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में गोरखपुर के चिलुआताल में 20 मेगावाट क्षमता का 'फ्लोटिंग सोलर प्लांट' स्थापित किया जाएगा जिस पर कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा काम किया जा रहा है। परियोजना की लागत के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अभी इसका आकलन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व प्रदेश में दो 'फ्लोटिंग सोलर प्लांट' स्थापित किए जा चुके हैं, जिनमें औरैया में 20 मेगावाट तथा बुलंदशहर के खुर्जा में 11 मेगावाट क्षमता का सोलर प्लांट शामिल हैं।

## कैबिनेट बैठक : नक्शा पास होते ही माना जाएगा लैंड यूज परिवर्तन

लखनऊ। कैबिनेट की बैठक में उ.प्र. राजस्व संहिता, 2006 की धारा-80 में संशोधन हेतु अध्यादेश 2026 को मंजूरी दे दी गई। इस अहम फैसले के तहत विकास प्राधिकरणों, औद्योगिक विकास प्राधिकरणों, विनियमित क्षेत्रों तथा उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद के अधीन क्षेत्रों में गैर-कृषि उपयोग (लैंड यूज़) परिवर्तन की प्रक्रिया को बेहद सरल बना दिया गया है। अब इन क्षेत्रों में अलग से लैंड यूज बदलवाने की आवश्यकता नहीं होगी। यदि किसी भूखंड का नक्शा प्राधिकरण द्वारा पास हो जाता है, तो उसी को भूमि उपयोग परिवर्तन माना जाएगा। इससे पहले लोगों को दोहरी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था, जिससे समय और संसाधनों की अधिक खपत होती थी। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि नई व्यवस्था में नक्शा पास कराने की प्रक्रिया में ही सभी औपचारिकताएं समाहित कर दी गई हैं। इससे न केवल आमजन को बड़ी राहत मिलेगी, बल्कि निवेशकों के लिए भी प्रक्रिया आसान और पारदर्शी बनेगी। इस सुधार से प्रदेश में निवेश को बढ़ावा मिलेगा, उद्योग स्थापना में तेजी आएगी और उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलेगी।

# स्लीपर बस डिवाइडर से टकरा कर पलटी 35 यात्री घायल, एक महिला की मौत

**उन्नाव।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर उन्नाव जिले के बांगरमऊ थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक स्लीपर बस पलट गई। इस हादसे में लखनऊ के गोसाईगंज क्षेत्र की एक महिला यात्री की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन दर्जन यात्री घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व यूपीडा की टीम ने मौके पर पहुंच कर बचाव कार्य शुरू किया। हादसा इतना तीव्र था कि बस का इंजन निकल कर एक्सप्रेसवे के नीचे जा गिरा और पहिये और धुरा भी बाहर निकल गये।

दुर्घटना आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर संख्या 239 पर नसीरपुर गांव के निकट की है। यह बस दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित एक निजी कंपनी के कार्यक्रम में शामिल होकर कर्मचारियों को लेकर वापस लखनऊ जा रही थी। घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहीं शव को



पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। सोमवार सुबह दिल्ली से लखनऊ की ओर से यात्रियों को लेकर बस आ रही थी। सुबह चालक को झपकी आने के कारण बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। घटना की सूचना पर बांगरमऊ थाना प्रभारी और यूपीडा टीम द्वारा स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बांगरमऊ भेजा गया। हादसे लखनऊ के गोसाईगंज क्षेत्र निवासी 55 वर्षीय तारावती पत्नी त्रिभुवन की मौत हो गई। वहीं घटना में तीन दर्जन यात्री घायल हो गये। इनमें से कई की हालत गंभीर बताई है। प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम बांगरमऊ ब्रज मोहन शुक्ला और क्षेत्राधिकारी (सीओ) संतोष सिंह बांगरमऊ ने सीएचसी पहुंचकर घायलों का हालचाल लिया। क्षेत्राधिकारी (सीओ) संतोष सिंह ने बताया कि पुलिस ने बस को मुख्य मार्ग से हटाकर यातायात सुचारु रूप शुरू करा दिया गया है ।

# राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले की सुनवाई टली, 27 मार्च को होगी सुनवाई

सुलतानपुर। सुलतानपुर कोर्ट में रायबरेली सांसद राहुल गांधी पर चल रहे मानहानि के मुकदमे में अब 27 मार्च को सुनवाई होगी। वादी मुकदमा भाजपा नेता विजय मिश्रा के गैर हाजिर होने के कारण सुनवाई टल गई है। वादी के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने सोमवार को बताया कि उन्होंने पिछली पेशी पर अदालत में एक प्रार्थना पत्र दिया था। इसमें मांग की गई है कि राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयानों के जो ऑडियो और वीडियो साक्ष्य पेश किए गए हैं, उनका मिलान राहुल गांधी की असली आवाज से कराया जाए। विजय मिश्रा की अनुपस्थिति के कारण कोर्ट ने 27 मार्च को बहस की तिथि तय की है।

यह मानहानि का परिवाद भाजपा नेता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी के खिलाफ दायर किया है। उनका आरोप है कि 2018 में कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी की थी। यह अदालती कार्यवाही पिछले पांच साल से चल रही है। दिसंबर 2023 में राहुल गांधी के पेश न होने पर तत्कालीन मजिस्ट्रेट ने उनके खिलाफ वारंट जारी



किया था। इसके बाद 20 फरवरी 2024 को राहुल गांधी ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया, जिसके बाद विशेष मजिस्ट्रेट ने उन्हें 25-25 हजार रुपये के दो मुचलकों पर जमानत दी। इसके बाद की तिथि में राहुल गांधी ने कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराते हुए स्वयं को निर्दोष बताया था और इसे राजनीतिक साजिश करार दिया था।

उनके बयान के बाद कोर्ट ने वादी को साक्ष्य प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। परिवादी विजय कुमार मिश्र और साक्षी अनिल कुमार मिश्र व रामचंदर दूबे के बयान और जिरह समाप्त होने के बाद राहुल गांधी का आरोपित बयान भी हाल ही में 20 फरवरी को दर्ज किया गया था। बचाव का साक्ष्य प्रस्ततु न करने पर उन्हें अंतिम बहस के लिए पेशी दी गई थी।

# ओवरलोड ट्रैक्ट की टक्कर से दो की मौत, तीन घायल




**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में सोमवार की सुबह शहर से जा रहे ऑटो को ओवरलोड ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी ऑटो में सवार दो सवारियों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गये। गाजीपुर थाना क्षेत्र के नरतौली मोड़ के पास सोमवार सुबह एक सड़क हादसे में फतेहपुर से आ रहे ऑटो रिक्शा ( यूपी 71 सीटी 5328) को मोरंग बालू लदे ओवरलोड ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में गाजीपुर कस्बा निवासी कुलदीप की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अज्ञात व्यक्ति ने भी दम तोड़ दिया, जिसकी पहचान नहीं हो सकी है। वहीं ऑटो में सवार तीन अन्य लोगों को मामूली रूप से घायल हो गये हैं। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष हनुमान प्रताप सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही अज्ञात मृतक की शिनाख्त करवाने का भी प्रयास किया जा रहा है।

## बस की टक्कर से महिला की मौत

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित नवाबगंज थाना क्षेत्र में रविवार देर रात बस की टक्कर लगने से एक महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने बस को रोक लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस टीम ने परिवार से तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की। पुलिस उपायुक्त (गंगानगर) कुलदीप सिंह गुनावत ने सोमवार को बताया कि हादसे में नवाबगंज थाना क्षेत्र के लीला का पूरा सम्हई मंसूराबाद गांव निवासी नीलू सरोज (65) की मौत हो गई है। घटना के संबंध में नीलू के पति अवधेश कुमार सरोज ने बताया कि रविवार रात नवरात्र के अवसर पर गांव की लगभग 50 महिलाएं जल चढ़ाने गई थीं। जल चढ़ाकर लौटते समय नीलू सरोज को एक बेकाबू बस ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घायल महिला को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां कुछ देर बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतका के पति की तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज कर मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत, पांच चिकित्सकों पर मुकदमा

**बलिया।** बलिया स्थित एक निजी अस्पताल में पथरी के ऑपरेशन के दौरान एक महिला की मौत के बाद आक्रोशित परिजन ने अस्पताल में हंगामा किया। पुलिस ने सोमवार को बताया कि इस मामले में अस्पताल के पांच चिकित्सकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस ने महिला के पति शिवांशु राय की शिकायत के हवाले से बताया कि सुखपुरा थाना क्षेत्र के देवकली गांव की निवासी उनकी पत्नी अनीषा राय (24) को रविवार दोपहर दो बजे बलिया शहर कोतवाली क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में पथरी के ऑपरेशन के लिए भर्ती कराया गया था। इसमें कहा गया कि ऑपरेशन के लिए उनसे एक लाख रुपये लिए गए और लेजर विधि से सर्जरी करने की बात कही गई थी, लेकिन पूरे पेट का ऑपरेशन करने के दौरान अत्यधिक रक्तस्त्राव से अनीषा की मृत्यु हो गई। तहरीर में यह भी आरोप है कि घटना को कथित तौर पर छिपाने के लिए अनीषा को तत्काल लखनऊ ले जाने की सलाह दी गई। महिला की मौत के बाद परिजन आक्रोशित हो गए और हंगामा किया। पुलिस ने बताया कि परिजन अस्पताल के बाहर धरने पर बैठ गए तथा अस्पताल को सील करने एवं मुकदमा दर्ज करने की मांग करने लगे। सूचना मिलते ही अपर जिलाधिकारी अनिल कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक कृपा शंकर सहित तमाम वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे।

अधिकारियों ने इस मामले में विधिक कार्रवाई का आश्वासन देकर रविवार देर रात मामले को शांत कराया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर डॉ. ज्योत्सना सिंह, डॉ. अपूर्वा सिंह, डॉ. दीपक सिंह, डॉ. संजय सिंह और डॉ. रोहन गुप्ता के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक क्षितिज त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# केवल आपराधिक इतिहास से नहीं रोकी जा सकती जमानत, यह केस के साक्ष्यों पर निर्भर: हाईकोर्ट

### 83 आपराधिक केस वाले जानलेवा हमले के आरोपित की जमानत मंजूर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि किसी अभियुक्त के खिलाफ दर्ज मामलों की संख्या के आधार पर उसे जमानत से वंचित नहीं किया जा सकता। जमानत अन्य साक्ष्यों पर निर्भर करेगी।

कोर्ट ने 83 मुकदमों के आपराधिक इतिहास वाले अभियुक्त दिनेश पाल सिंह उर्फ मुन्ना को बड़ी राहत देते हुए उसकी दस साल की सजा निलम्बित कर दी है और सजा के खिलाफ अपील लम्बित रहने के दौरान सशर्त जमानत मंजूर कर ली है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजवीर सिंह ने दिया है। शाहजहांपुर जनपद के थाना तिलहर क्षेत्र का मामला है। ट्रायल कोर्ट ने अभियुक्त को धारा 307/34 (हत्या का प्रयास), 323/34 (मारपीट) आईपीसी एवं 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत दोषी



ठहराते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। जिसे अपील में चुनौती दी गई है। अभियोजन के अनुसार होटल में खाने के पैसे मांगने को लेकर विवाद हुआ, आरोपित ने फायरिंग कर दी। हालांकि पीड़ति को कोई गंभीर चोट नहीं लगी और उसे केवल साधारण चोट पाई गई। याची अधिवक्ता ने तर्क दिया कि मामले में साक्ष्य पर्याप्त रूप से अभियोजन के पक्ष में नहीं हैं। गवाह पक्षद्रोही हो चुका है। अधिकांश आपराधिक केसों में याची बरी हो चुका है। याची 66 साल का है, कई बीमारियो से ग्रस्त है। मुकदमों की बड़ी संख्या को देखते हुए अपील शीघ्र सुने जाने की संभावना नहीं है। अभियुक्त एक साल की सजा काट चुका है। इसलिए अपील लम्बित रहने तक जमानत पर रिहा किया जाए। वहीं, राज्य सरकार ने अभियुक्त के खिलाफ 83 मामलों के आपराधिक इतिहास का हवाला देते हुए जमानत का विरोध किया।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि केवल आपराधिक इतिहास के आधार पर जमानत आवेदन खारिज करना उचित नहीं है, यदि मामले के साक्ष्य राहत देने के पक्ष में हों। कोर्ट ने पाया कि पीड़ति को गंभीर चोट नहीं लगी है और अभियोजन के साक्ष्य अपेक्षाकृत कमजोर हैं। कोर्ट ने 75 फीसदी जमा जुर्माना राशि की वसूली स्थगित कर दी है।

# बेटे पर दर्ज मामला रद्द कराने के लिए टावर पर चढ़ा पिता, खुद भी मुकदमे में फंसा

**सहारनपुर।** जिले में बेटे के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द कराने की मांग को लेकर एक व्यक्ति बिजली के टावर पर चढ़ गया लेकिन अब खुद भी मुकदमेबाजी में फंस गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार घंटों की मशक्कत के बाद पुलिस और ग्रामीणों के प्रयास से उसे नीचे उतारा गया।

सहारनपुर के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने बताया कि टावर पर चढ़े व्यक्ति के खिलाफ शांति भंग का मामला दर्ज किया गया है। सागर ने कहा कि कानून को हाथ में लेने का जो भी प्रयास करेगा, उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही होगी। घटना के संदर्भ में जैन ने बताया कि ग्राम ताहरपुर मे रविवार को गांव के एक युवक शेखर (26) पर छेड़छाड़ का आरोप लगा और शेखर व उसके परिवार के लोगों ने मिलकर युवती के परिजनों के साथ कथित तौर पर मारपीट की। उन्होंने बताया कि इस घटना के बाद पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने शेखर समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा किया। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ने कहा, "रविवार शाम दोनों पक्षों के लोग मामले को निपटाने के लिये इकट्ठा हुए तभी आरोपी शेखर का पिता महेन्द्र (53) अपने पुत्र के खिलाफ दर्ज मुकदमे को रद्द कराने की मांग को लेकर गांव में ही बिजली के एक टावर पर चढ गया।" उन्होंने कहा कि उसने आत्महत्या करने की धमकी देनी शुरू कर दी। जैन ने बताया कि उसके टावर पर चढते ही वहां ग्रामीणों का जमघट लग गया, जिससे पूरे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही थाना मिर्जापुर पुलिस भी वहां पहुंची और महेन्द्र को काफी समझाया लेकिन वह नीचे उतरने को तैयार नहीं हुआ।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि किसी तरह पुलिस ने उसे आश्वासन देते हुए सुरक्षित नीचे उतार लिया। सागर जैन ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला दर्ज है, जबकि टावर पर चढ़कर आत्महत्या का प्रयास करने वाले महेन्द्र के खिलाफ शांति भंग का मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस मुठभेड़: फायरिंग में तीन गो तस्कर गिरफ्तार, सिपाही भी घायल

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के जनपद बरेली के इज्जतनगर थाना क्षेत्र में गौकशी के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने सोमवार देर रात मुठभेड़ के दौरान तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान बदमाशों की फायरिंग में एक सिपाही घायल हो गया, जबकि जवाबी कार्रवाई में तीनों आरोपित भी पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार 21 और 22 मार्च को ग्राम फरीदापुर चौधरी के पास नाले में प्लास्टिक के बोरे में गौवंशीय पशुओं के अवशेष मिले थे। मामले में इज्जतनगर थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित की गई थीं। सोमवार रात पुलिस टीम क्षेत्र में दबिश दे रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर सिद्धार्थनगर केंद्रीय विद्यालय के पास मैदान के नजदीक बाइक सवार तीन संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया। खुद को घिरता देख बदमाशों ने



पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी, जिसमें सिपाही राहुल कुमार घायल हो गए। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें तीनों आरोपित घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने असलम, जीशान और नासिर को गिरफ्तार कर लिया। तीनों इज्जतनगर क्षेत्र के रहने वाले हैं और पहले दर्ज गौवध के मुकदमे में वांछित चल रहे थे।

पकड़े गए आरोपितों के कब्जे से तीन अवैध तमंचे, जिंदा और खोखा कारतूस, गौकशी के उपकरण, एक स्प्लेंडर बाइक और दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। सीओ सिटी तृतीय पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीमों ने त्वरित कार्रवाई की। आरोपितों ने पुलिस पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया, जिसके बाद आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की गई।

तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनके खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक मुख्य आरोपित असलम के खिलाफ पहले से गौवध और आर्म्स एक्ट के पांच मुकदमे दर्ज हैं। अन्य आरोपितों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ जानलेवा हमला और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## ऑटो की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**कानपुर।** गोविंद नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार को तेज रफ्तार ऑटो चालक ने साइकिल सवार को पीछे से टक्कर मारकर फरार हो गया। मौके पर मौजूद राहगीरों और इलाकाई लोगों ने परिजनों को सूचना देते हुए घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की पड़ताल में जुट गई है। गोविंद नगर के कच्ची बस्ती इलाके का रहने वाले बलदेव उर्फ मोनू (40) प्राइवेट नौकरी करते थे। परिवार में पत्नी दया दो बेटी रिंकी और नेहा हैं। दया ने बताया कि आज सुबह बलदेव दूध लाने की बात बोलकर घर से निकले थे। वह साइकिल से डीबीएस कॉलेज के पास पहुंचे थे कि तभी पीछे से आ रहे तेज रफ़्तार ऑटो ने उन्हें टक्कर मार दी। इलाकाई लोगों की सूचना परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी रिकेश कुमार ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। साथ ही शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# नव निर्माण के 9 वर्ष: एमएसएमई क्षेत्र में तीन करोड़ 11 लाख से अधिक को रोजगार

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में यूपी सरकार ने गत 9 वर्षों में युवा शक्ति के लिए उद्यमिता की राह प्रशस्त की है। इसके लिए सीएम युवा जैसी योजनाओं को आगे बढ़ाने के साथ-साथ एमएसएमई सेक्टर को मजबूत किया गया, जिसका परिणाम यह है कि आज यह सेक्टर न सिर्फ अधिकाधिक युवाओं को रोजगार दे रहा है, बल्कि क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था की धुरी भी बना है। इसके अतिरिक्त राज्य में निवेश आमंत्रण के लिए योगी सरकार द्वारा उठाए गए ठोस कदमों ने भी युवाओं के लिए रोजगार के लाखों अवसर सुनिश्चित किए हैं।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि योगी सरकार की उद्योग समर्थित नीतियों का असर है कि पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश में लगभग 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आए हैं, जिनसे 1 करोड़ 10 लाख से अधिक युवाओं के लिए रोजगार और सेवायोजन के अवसर




सृजित होने की संभावना बनी है। इनमें से लगभग 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं, जिनसे करीब 60 लाख रोजगार के अवसर तैयार हुए हैं। बड़े पैमाने पर निवेश आने से प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियां तेज हुई हैं, जिसका सीधा लाभ युवाओं को रोजगार के रूप में मिल रहा है। निवेश के साथ उद्योगों के विस्तार से प्रदेश में स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं।

**एमएसएमई बना रोजगार का मजबूत आधार**

प्रदेश में सूक्ष्म लघु और मध्यम (एमएसएमई) उद्यम क्षेत्र रोजगार सृजन का एक मजबूत आधार बनकर उभरा है। वर्तमान में प्रदेश में 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयां हैं जो देश में सर्वाधिक हैं। एमएसएमई क्षेत्र के माध्यम से प्रदेश में 3 करोड़ 11 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। सरकार द्वारा इस क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण और बाजार उपलब्ध कराने जैसे कई कदम उठाए गए हैं। ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट) योजना को एमएसएमई से जोड़ने से छोटे उद्योगों को विस्तार मिला, जिससे न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है बल्कि ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में भी रोजगार के अवसर बढ़े हैं।

**स्वरोजगार योजनाओं से युवाओं को नई दिशा**

युवाओं को रोजगार देने के साथ साथ उन्हें स्वरोजगार की ओर प्रेरित करने के लिए भी कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत अब तक 38 हजार से अधिक युवाओं को लाभान्वित किया गया है और 1097.10 करोड़ रुपये से अधिक की मार्जिन मनी वितरित की गई है। इसी तरह प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत 32,936 लाभार्थियों को 1105.49 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी दी गई, जिससे 2 लाख 63 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिला। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत 4 लाख 20 हजार से अधिक कारीगरों और पारंपरिक श्रमिकों को लाभान्वित किया गया है, जिससे उन्हें अपना हुनर आगे बढ़ाने में मदद मिली है।

# हॉकी इंडिया ने की वार्षिक पुरस्कार के लिए नामित खिलाड़ियों की घोषणा

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को '8वें वार्षिक पुरस्कार 2025' के लिए नामांकित खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है। यह पुरस्कार समारोह 27 मार्च 2026 को नई दिल्ली में आयोजित होगा, जिसमें वर्ष 2025 के दौरान भारतीय हॉकी में उत्कृष्ट प्रदर्शन और योगदान देने वाले खिलाड़ियों व अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह के प्रमुख पुरस्कारों में 'हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार' शामिल है, जो पुरुष और महिला वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को दिया जाएगा।



इसके अलावा उभरती प्रतिभाओं को 'हॉकी इंडिया जुगराज सिंह उभरते खिलाड़ी (पुरुष अंडर-21)' और 'हॉकी इंडिया असुंता लकड़ा उभरती खिलाड़ी (महिला अंडर-21)' पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। विभिन्न पोजीशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'हॉकी इंडिया बलजीत सिंह वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर', 'हॉकी इंडिया परगट सिंह वर्ष के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर', 'हॉकी इंडिया अजीत पाल सिंह वर्ष के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर' और 'हॉकी इंडिया धनराज पिल्लै वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड' पुरस्कार भी दिए जाएंगे। इन आठ श्रेणियों में कुल 32 खिलाड़ियों को अंतिम सूची में शामिल किया गया है।

इसके अलावा समारोह में 'हॉकी इंडिया अध्यक्ष उत्कृष्ट उपलब्धि पुरस्कार', 'जमन लाल शर्मा अमूल्य योगदान पुरस्कार', अंपायर और तकनीकी अधिकारियों के लिए विशेष सम्मान, तथा सर्वश्रेष्ठ सदस्य इकाई पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। इस दौरान 2025 में एशिया कप राजगीर (बिहार) में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष टीम और एफआईएच हॉकी मेंस जूनियर वर्ल्ड कप तमिलनाडु में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय जूनियर पुरुष टीम को भी सम्मानित किया जाएगा। साथ ही 15वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सदस्य इकाइयों को भी मान्यता दी जाएगी।

### नामांकित खिलाड़ी इस प्रकार हैं

- **बलजीत सिंह वर्ष 2025 का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर :** प्रिंसदीप सिंह, कृशन बहादुर पाठक, बिछू देवी खारीबम, सूरज करकेरा
- **परगट सिंह वर्ष का सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर :** संजय, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह और हरमनप्रीत सिंह
- **अजित पाल सिंह वर्ष का सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर :** हार्दिक सिंह, सुमित, राजकुमार पाल, नीलाकांता शर्मा
- **धनराज पिल्लै वर्ष का सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड :** सुखजीत सिंह, अभिषेक, नवनीत कौर, शिलानंद लाकड़ा
- **असुंथा लाकड़ा उदीयमान महिला अंडर 21 खिलाड़ी :** साक्षी राणा, ज्योति सिंह, सुनेलिटा टोप्पो, कनिका सिवाच
- **जुगराज सिंह उदीयमान पुरूष अंडर 21 खिलाड़ी :** प्रिंसदीप सिंह, मनमीत सिंह, अनमोल इक्का, अर्शदीप सिंह
- **बलबीर सिंह सीनियर वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी :** नवनीत कौर, सलीमा टेटे, लालरेम्सियामी, सविता
- **बलबीर सिंह सीनियर वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरूष खिलाड़ी :** हार्दिक सिंह, सुखजीत सिंह, संजय और अभिषेक ।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा, "यह भारतीय हॉकी के लिए महत्वपूर्ण वर्ष है और ऐसे में पिछले वर्ष के बेहतरीन प्रदर्शन को पहचान देना जरूरी है। ये पुरस्कार खिलाड़ियों और अधिकारियों के समर्पण और उपलब्धियों को सम्मानित करते हैं।" वहीं महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, "ये पुरस्कार खिलाड़ियों, कोचों, अधिकारियों और सदस्य इकाइयों के सामूहिक प्रयासों को मान्यता देते हैं, जिन्होंने भारतीय हॉकी को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाई है।"

# एशिया कप में नये चेहरों के साथ नये सत्र की शुरूआत करेगी भारतीय तीरंदाजी टीम

**बैंकॉक।** भारत तीरंदाजी के नये अंतरराष्ट्रीय सत्र का आगाज यहां मंगलवार से शुरू हो रहे एशिया कप के पहले चरण से करेगा जिसके लिये टीम में नामी गिरामी सितारों की बजाय प्रतिभावान युवाओं को जगह दी गई है। भारतीय टीम में दीपिका कुमारी, अंकिता भकत, धीरज बोम्मादेवरा, तरूणदीप राय , ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा नहीं हैं । भारतीय टीम प्रबंधन जापान में सितंबर अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलों तक चलने वाले इस व्यस्त सत्र के पहले टूर्नामेंट में अपने युवा खिलाड़ियों को आजमाना चाहता है ।



शीर्ष तीरंदाज मैक्सिको और शंघाई में अप्रैल से होने वाले विश्व कप के पहले दो चरण के लिये वापसी करेंगे । पिछले साल भारत ने इस टूर्नामेंट में पांच स्वर्ण समेत आठ पदक जीते थे । दक्षिण कोरिया जैसे दिग्गज की गैर मौजूदगी में भारत का पलड़ा फिर भारी लग रहा है । उसे चीन और बांग्लादेश से चुनौती मिल सकती है । रिकर्व पुरूष वर्ग में आस्ट्रेलिया के रियान टियाक प्रबल दावेदार हैं जो विश्व रैंकिंग में 27वें स्थान पर हैं ।

महिला वर्ग में रूस में जन्मी तटस्थ खिलाड़ी नूरिनिस्सो माखमुदोवा (45वीं रैंकिंग) सर्वोच्च रैंकिंग वाली तीरंदाज हैं । भारतीय पुरूष कंपाउंड टीम में दुनिया के चौथे नंबर के तीरंदाज ऋषभ यादव, एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता प्रथमेश जावकर और रजत चौहान हैं।

पिछले साल कुशल दलाल ने व्यक्तिगत स्वर्ण जीता था जबकि मानव जाधव और गणेश तिरिमुरू के साथ टीम स्वर्ण अपने नाम किया था । महिला वर्ग में ज्योति की गैर मौजूदगी में नजरें 20 वर्ष की चिकिथा तानीपर्थी पर होंगी जो विश्व रैंकिंग में 37वें स्थान पर हैं ।

### भारतीय टीम

- रिकर्व पुरूष : देवांग गुप्ता, आरव पूनिया, जुयेल सरकार और सुखचैन सिंह
- रिकर्व महिला : कीर्तिक, अंशिका कुमारी, रूमा बिस्वास और रिद्धि
- कंपाउंड पुरूष : रजत चौहान, प्रथमेश जावकर, उदय कम्बोज और ऋषभ यादव
- कंपाउंड महिला : स्वाति दुधवाल, राज कौर, तेजल साल्वे और चिकिथा तानीपर्थी

## वरिष्ठ खेल पत्रकार एस त्यागराजन का निधन

**चेन्नई।** वरिष्ठ खेल पत्रकार एस त्यागराजन का सोमवार को यहां बढती उम्र से जुड़ी बीमारियों के कारण निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे । छह ओलंपिक और नौ एशियाई खेल कवर कर चुके त्यागराजन 1962 से 2013 तक 'द हिंदू' समाचार पत्र के लिये काम करते रहे । उन्होंने अपने कैरियर की शुरूआत 1961 में 'द इंडियन एक्सप्रेस' से की थी । 'द हिंदू' के खेल संपादक केसी विजय ने एक्स पर लिखा कि द हिंदू के लिये कई दशक तक काम करने वाले हॉकी पत्रकारिता के दिग्गज वरिष्ठ खेल संवाददाता एस त्यागराजन का निधन। त्यागराजन एफआईएच और एएचएफ की मीडिया और संचार से जुड़ी कई समितियों में भी रहे । वह भारतीय खेल पत्रकार संघ और तमिलनाडु खेल पत्रकार संघ के भी पूर्व अध्यक्ष रहे।

# मियामी ओपन के तीसरे दौर में सेबेस्टियन कोरडा से हारे कार्लोस अल्काराज

**मियामी गार्डन्स।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज मियामी ओपन के तीसरे दौर में सेबेस्टियन कोरडा से हारकर बाहर हो गए हैं । इससे पहले इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में अल्काराज को दानिल मेदवेदेव ने हराया था ।



उन्हें कोरडा ने दो घंटे 19 मिनट तक चले मैच में 6 . 3, 5 . 7, 6 . 4 से हराया । अब कोरडा का सामना मार्टिन एल से होगा जिन्होंने 14वीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव को 6 . 3, 7 . 6 से शिकस्त दी । अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज और टॉमी पॉल भी चौथे दौर में पहुंच गए हैं । छठी वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज ने रीली ओपेलका को 6 . 3, 6 . 4 से हराया जबकि 22वीं रैंकिंग वाले पॉल ने रफाएल कोलिंगनोन को 6 . 2, 3 . 6, 7 . 6 से मात दी । महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने कैथरीन मैकनाली को 6 . 4, 6 . 2 से हराया । दुनिया की तीसरी नंबर की खिलाड़ी एलेना रिबाकिना ने मार्ता कोस्त्युक को 6 . 3, 6 . 4 से हराया । वहीं पांचवीं रैंकिंग वाली जेसिका पेगुला ने लैला फर्नांडिस को 6 . 2, 6 . 2 से शिकस्त दी ।

# टाटा आईपीएल फैन पार्क 2026 का ऐलान, पहले चरण में 15 शहरों में मिलेगा लाइव मैच का अनुभव

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टाटा आईपीएल फैन पार्क 2026 के पहले चरण का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। यह आयोजन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के शुरुआती चरण के साथ किया जाएगा, जिससे देशभर के दर्शकों को स्टेडियम के बाहर भी आईपीएल का रोमांच अनुभव करने का मौका मिलेगा। बोर्ड के अनुसार, पहले तीन हफ्तों में 11 राज्यों के 15 शहरों में फैन पार्क आयोजित किए जाएंगे। इन आयोजनों का उद्देश्य अधिक से अधिक दर्शकों तक आईपीएल का उत्साह पहुंचाना और सामुदायिक माहौल में मैचों का आनंद देना है।




**तीन सप्ताहांत में होंगे आयोजन**

फैन पार्क का आयोजन तीन सप्ताहांत में किया जाएगा, पहला सप्ताह 28 और 29 मार्च, दूसरा सप्ताह 4 और 5 अप्रैल और तीसरा सप्ताह 11 और 12 अप्रैल 2026 को आयोजित किया जाएगा। हर सप्ताहांत में उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम क्षेत्रों में पांच-पांच फैन पार्क लगाए जाएंगे, जिससे देशभर में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

**पहले सप्ताह** में रोहतक (हरियाणा), भोपाल (मध्य प्रदेश), नागपुर (महाराष्ट्र), तुमकुरु (कर्नाटक) और कृष्णनगर (पश्चिम बंगाल) में फैन पार्क लगाए जाएंगे।

**दूसरे सप्ताह** में मथुरा (उत्तर प्रदेश), जोधपुर (राजस्थान), निजामाबाद (तेलंगाना), मैसूरु (कर्नाटक) और भुवनेश्वर (ओडिशा) में आयोजन होगा।

**तीसरे सप्ताह** में मेरठ (उत्तर प्रदेश), नडियाद (गुजरात), रत्नागिरी (महाराष्ट्र), कोयंबटूर (तमिलनाडु) और राउरकेला (ओडिशा) में फैन पार्क आयोजित किए जाएंगे।

**मनोरंजन और गतिविधियों का खास इंतजाम**

हर फैन पार्क में बड़े पर्दे पर लाइव मैच प्रसारण के साथ-साथ संगीत, मनोरंजन, फूड कोर्ट, बच्चों के लिए खेल क्षेत्र और कई इंटरैक्टिव गतिविधियां होंगी। दर्शक वर्चुअल बल्लेबाजी, गेंदबाजी नेट्स, फेस पेंटिंग, चीयर मीटर और 360 डिग्री फोटो बूथ जैसी सुविधाओं का भी आनंद ले सकेंगे।

गौरतलब है कि वर्ष 2015 में शुरू हुई यह पहल आईपीएल को देश के कोने-कोने तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रही है। 2026 में भी यह परंपरा जारी रहेगी, जिससे लाखों दर्शक अपने शहर में ही आईपीएल का उत्सव मना सकेंगे। बोर्ड ने बताया कि आगामी सप्ताहों के लिए फैन पार्क का कार्यक्रम जल्द ही जारी किया जाएगा।

# अरुंधति रेड्डी और साहिबजादा फरहान बने फरवरी माह के ICC प्लेयर ऑफ द मंथ

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने फरवरी 2026 के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। पुरुष वर्ग में पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान, जबकि महिला वर्ग में भारत की तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी को यह सम्मान दिया गया है। दोनों खिलाड़ियों का चयन विश्वभर के प्रशंसकों के मत और पूर्व खिलाड़ियों व विशेषज्ञों की समिति के आधार पर किया गया।



फरहान ने टी-20 विश्व कप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए यह पुरस्कार अपने नाम किया। उन्होंने एक ही संस्करण में सबसे अधिक रन बनाकर विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया और नामीबिया व श्रीलंका के खिलाफ दो शतक जड़कर इतिहास रच दिया। फरहान ने फरवरी के दौरान सात टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 383 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 76.60 और स्ट्राइक रेट 160.25 रहा। पुरुष वर्ग में फरहान ने इंग्लैंड के विल जैक्स और अमेरिका के शैडली वैन शालविक को पीछे छोड़ा, जबकि महिला वर्ग में रेड्डी ने श्रीलंका की हर्षिता समरविक्रमा और पाकिस्तान की फातिमा सना को पछाड़ा। अरुंधति रेड्डी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 श्रृंखला में शानदार गेंदबाजी करते हुए भारत को 2-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने तीन मैचों में 4/22, 2/30 और 2/35 के प्रदर्शन के साथ कुल आठ विकेट हासिल किए। उनका औसत 10.87 और इकोनॉमी 7.25 रहा। रेड्डी ने कहा कि यह सम्मान पाना मेरे लिए गर्व की बात है।

# आर्थिक समीक्षाः दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय वित्त वर्ष 2025-26 में 5.31 लाख रुपये रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को विधानसभा में आर्थिक समीक्षा 2025-26 पेश की। आर्थिक समीक्षा के अनुसार, प्रति व्यक्ति आय मौजूदा कीमतों पर अग्रिम अनुमान के अनुसार, 2025-26 में 5,31,610 रुपये तक पहुंचने की संभावना है जो 2024-25 के मुकाबले 7.92 प्रतिशत की वृद्धि है।



समीक्षा के मुताबिक, 2025-26 के दौरान दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से लगभग ढाई गुना अधिक रहने का अनुमान है। 2025-26 के लिए अनुमानित राजस्व अधिशेष 9,661.31 करोड़ रुपये है जो राज्य सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का 0.73 प्रतिशत है। मौजूदा कीमतों पर 2025-26 के दौरान दिल्ली का जीएसडीपी अग्रिम अनुमान के अनुसार 13,27,055 करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है जो 2024-25 की तुलना में 9.42 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इसमें कहा गया कि 2025-26 में दिल्ली सरकार का कर संग्रह सालाना आधार पर 15.54 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2025-26 का बजट 1,00,000 करोड़ रुपये का था, जिसमें से 59,300 करोड़ रुपये दिल्ली सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों तथा परियोजनाओं के लिए आवंटित किए गए हैं। यह राशि 2024-25 के बजट अनुमान में निर्धारित 39,000 करोड़ रुपये की तुलना में 20,300 करोड़ रुपये अधिक है।

रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली ने लगातार राजस्व अधिशेष बनाए रखा है, हालांकि 2025-26 के बजट अनुमान में इसका राजकोषीय घाटा बढ़कर 13,703 करोड़ रुपये हो गया है। इसका मुख्य कारण पूंजीगत व्यय में 2024-25 की तुलना में दोगुनी से अधिक (145 प्रतिशत) की वृद्धि होना है। पूंजीगत व्यय, जो 2024-25 (अस्थायी) में 11,485 करोड़ रुपये था, उसे बढ़ाकर 28,115 करोड़ रुपये कर दिया गया है। समीक्षा कहती है कि दिल्ली सरकार मुख्य रूप से अपने व्यय बजट का वित्तपोषण स्वयं के कर राजस्व के माध्यम से करती है, जो 2025-26 में व्यय बजट का 68.7 प्रतिशत था।

कुल कर राजस्व का 71.3 प्रतिशत हिस्सा माल एवं सेवा कर (जीएसटी) और मूल्य वर्धित कर (वैट) से आने की संभावना है। इसके बाद 13.1 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क, 10.2 प्रतिशत आबकारी और 5.4 प्रतिशत मोटर वाहन कर से प्राप्त होंगे। अर्थव्यवस्था के ढांचे पर रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली में सेवा क्षेत्र की प्रधानता है, जो 2025-26 के दौरान सकल राज्य मूल्य वर्धन (जीएसवीए) में लगभग 86.32 प्रतिशत का योगदान देता है। इसके बाद द्वितीयक क्षेत्र (12.88 प्रतिशत) और प्राथमिक क्षेत्र (0.80 प्रतिशत) का स्थान है।

# सेबी ने IPO खुलासे के नियमों को सरल बनाया 'संक्षिप्त विवरण पुस्तिका का मसौदा' पेश किया

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के दस्तावेजों को सरल और मानकीकृत बनाने के लिए 'संक्षिप्त विवरण पुस्तिका का मसौदा' पेश किया है। इस कदम का उद्देश्य निर्गम संबंधी जानकारियों को निवेशकों के लिए अधिक सुलभ और समझने में आसान बनाना है।




अब सार्वजनिक निर्गम लाने वाली कंपनियों को अपने विस्तृत प्रस्ताव दस्तावेजों के साथ इस संक्षिप्त विवरण पुस्तिका को भी जमा करना अनिवार्य होगा। नियामक ने कहा कि इस दस्तावेज में कंपनी के कारोबारी मॉडल, वित्तीय विवरण, प्रवर्तकों, जोखिम कारकों और मुख्य प्रदर्शन संकेतकों जैसी महत्वपूर्ण जानकारी अत्यंत सरल प्रारूप में प्रस्तुत की जाएगी। सेबी द्वारा 16 मार्च को जारी अधिसूचना के अनुसार, इस संक्षिप्त मसौदे को निर्गम जारी करने वाली कंपनी, नियामक, उन शेयर बाजारों जहां प्रतिभूतियां सूचीबद्ध होनी हैं, और निर्गम से जुड़े मुख्य प्रबंधकों की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

नियामक ने यह भी निर्देश दिया है कि कंपनियां आवेदन पत्रों और विज्ञापनों में 'क्यूआर कोड' और लिंक उपलब्ध कराएं, ताकि निवेशक विवरण पुस्तिका और मूल्य सीमा की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकें। सूचनाओं की स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए सेबी ने शब्द सीमा भी निर्धारित की है। कंपनी के प्राथमिक व्यवसाय का सारांश 500 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए। इसके अतिरिक्त, उद्योग के अवलोकन के लिए 250 शब्द और प्रत्येक प्रवर्तक की पृष्ठभूमि व योग्यता के विवरण के लिए अधिकतम 100 शब्द तय किए गए हैं। निर्गम से प्राप्त राशि के विशिष्ट उपयोग की जानकारी को तालिका के प्रारूप में देना होगा।

# रुपया 50 पैसे टूटकर 94.03 प्रति डॉलर के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**मुंबई।** रुपया सोमवार को 50 पैसे टूटकर अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 94.03 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर आ गया। यह पहली बार है जब रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले टूटकर 94 प्रति डॉलर के स्तर को पार कर गया है। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली के कारण घरेलू मुद्रा में यह गिरावट आई।



विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, मजबूत अमेरिकी डॉलर और घरेलू शेयर बाजारों में भारी गिरावट ने भी रुपये पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.84 पर खुला और पूरे दिन गिरावट में रहा। अंततः यह पहली बार 94 के स्तर को पार करते हुए 94.03 (अस्थायी) पर आ गया, जो पिछले बंद भाव से 50 पैसे की गिरावट है। शुक्रवार को भी रुपया 64 पैसे टूटकर 93.53 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था, जिससे यह 93 के स्तर के पार चला गया था। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, "पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कमजोर घरेलू बाजारों के बीच रुपया पहली बार 94 के स्तर को पार कर गया। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली ने भी रुपये पर दबाव डाला है।" उन्होंने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों और भू-राजनीतिक तनाव के कारण रुपये पर दबाव बना रह सकता है।

हालांकि, समय-समय पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का हस्तक्षेप रुपये को निचले स्तर पर सहारा दे सकता है। उन्होंने अनुमान जताया कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 93.60 से 94.40 के दायरे में रह सकता है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 प्रतिशत बढ़कर 99.78 पर कारोबार कर रहा था।

## RBI ने VRR नीलामी के जरिये बैंकिंग प्रणाली में 79,256 करोड़ रुपये डाले

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक बैंकिंग प्रणाली में एकदिवसीय 'वैरिएबल रेट रेपो' (वीआरआर) नीलामी के जरिये सोमवार को 79,256 करोड़ रुपये की अस्थायी नकदी डाली। केंद्रीय बैंक की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह धनराशि 5.26 प्रतिशत की 'कट-ऑफ' और भारित औसत दर पर डाली गई। यह राशि एक लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि की तुलना में काफी कम रही। अग्रिम कर भुगतान के कारण बैंकिंग प्रणाली में अधिशेष नकदी में तेज गिरावट आई है। बैंकिंग प्रणाली में 23 मार्च तक नकदी का घाटा करीब 65,395.64 करोड़ रुपये आंका गया है। इससे पहले 20 मार्च को केंद्रीय बैंक ने तीन दिन की वीआरआर नीलामी के जरिये बैंकिंग प्रणाली में 25,101 करोड़ रुपये की अस्थायी नकदी डाली थी।

# कच्चे तेल के दाम में उछाल से सेंसेक्स 1,837 अंक फिसला

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को भारी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,837 अंक का गोता लगा गया, जबकि एनएसई निफ्टी 602 अंक लुढ़क गया। पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त होने के कोई संकेत नहीं होने के साथ वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख से घरेलू बाजार में गिरावट रही। युद्ध अब चौथे सप्ताह में पहुंच गया है। इसके कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर पूंजी निकासी और रुपये की विनिमय दर में गिरावट ने भी निवेशकों को जोखिम से बचने के लिए प्रेरित किया है।




तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,836.57 अंक यानी 2.46 प्रतिशत टूटकर 72,696.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार दौरान, एक समय यह 1,974.52 अंक का गोता लगाकर 72,558.44 पर आ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 601.85 अंक यानी 2.60 प्रतिशत लुढ़ककर 22,512.65 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से टाइटन में सबसे अधिक 6.24 प्रतिशत की गिरावट आई।

इसके अलावा ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, इंटरग्लोब एविएशन, टाटा स्टील और एचडीएफसी बैंक भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एचसीएल टेक, पावर ग्रिड, इन्फोसिस और टेक महिंद्रा शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.97 प्रतिशत टूटकर 113.3 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग भारी गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी दोपहर के कारोबार में भारी गिरावट देखी गई। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को काफी नुकसान में रहे थे।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में संभावित कमी को लेकर चिंताओं के बीच एशियाई बाजारों में कमजोर रुख के साथ घरेलू बाजारों में भारी गिरावट आई। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 5,518.39 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,706.23 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। विदेशी निवेशकों ने इस महीने अब तक भारतीय शेयर बाजार से 88,180 करोड़ रुपये (लगभग 9.6 अरब अमेरिकी डॉलर) निकाले हैं। सेंसेक्स शुक्रवार को 325.72 अंक चढ़कर 74,532.96 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी 112.35 अंक की तेजी के साथ 23,114.50 अंक पर रहा था।

# ‘सुंदरावली’ का किरदार नायक की ताकत है: नाभा नतेश

**मुंबई।** साल 20226 में बॉलीवुड की कई बड़ी फिल्मों की रिलीज को लेकर उत्साह बना हुआ है। ऐसी ही एक फिल्म ‘स्वयंभू’ चर्चा में है। यह फिल्म एक बहादुर योद्धा की कहानी को दर्शाती है, जिसने अपनी वीरता से इतिहास की दिशा बदल दी। फिल्म में अभिनेत्री नाभा नतेश अहम भूमिका निभा रही हैं, जिनका किरदार कहानी में भावनात्मक गहराई जोड़ता है। नाभा नतेश ने एक इंटरव्यू में अपने किरदार ‘सुंदरावली’ के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सुंदरावली एक क्लासिकल डांसर है, जो उसी गांव में पली-बढ़ी है जहां निखिल का किरदार रहता है।



# लंबे ब्रेक के बाद साउथ सिनेमा में करेंगी वापसी अभिनेत्री तब्बू

बॉलीवुड की दमदार अभिनेत्री तब्बू लंबे समय बाद साउथ सिनेमा में वापसी करने जा रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह फिल्म निर्माता पुरी जगन्नाथ की आगामी एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'स्लमडॉग-33 टेंपल रोड' का हिस्सा बनेंगी। इस फिल्म में उनके साथ विजय सेतुपति और संयुक्ता मेनन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि फिल्म फिलहाल पोस्ट-प्रोडक्शन में है और इसे इस साल के अंत तक रिलीज किया जा सकता है। गौरतलब है कि तब्बू को आखिरी बार साउथ सिनेमा में अल्लू अर्जुन की फिल्म 'अला वैकुंठपुरमुलू' (2020) में देखा गया था। ऐसे में करीब छह साल बाद उनकी यह वापसी फैंस के लिए खास मानी जा रही है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत तेलुगु फिल्म 'कुली नंबर 1' (1991) से की थी और अब एक बार फिर उसी इंडस्ट्री में वापसी कर रही हैं। इस बीच तब्बू जल्द ही बॉलीवुड फिल्म 'भूत बंगला' में भी नजर आएंगी, जिसमें उनके साथ अक्षय कुमार मुख्य भूमिका में होंगे। यह हॉरर-कॉमेडी फिल्म 10 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। वहीं, 'स्लमडॉग-33 टेंपल रोड' को उनके लिए सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि अपनी जड़ों से दोबारा जुड़ने का मौका माना जा रहा है, खासकर क्योंकि उनका हैदराबाद से गहरा जुड़ाव रहा है।



# बॉक्स ऑफिस पर पवन कल्याण की फिल्म की रफ्तार धीमी



साउथ सुपरस्टार पवन कल्याण की फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' ने बॉक्स ऑफिस पर चार दिन पूरे कर लिए हैं और कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखी है। रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' जैसी बड़ी फिल्म से टक्कर के बावजूद 'उस्ताद भगत सिंह' धीरे-धीरे धीमी गति आगे बढ़ रही है। चार दिनों में फिल्म ने 60 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। ट्रेंड रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म ने रिलीज के चौथे दिन करीब 8 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया। इससे पहले फिल्म ने पहले दिन 34.75 करोड़ रुपये की दमदार ओपनिंग ली थी, जबकि दूसरे दिन 9 करोड़ और तीसरे दिन 9.05 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इस तरह फिल्म का कुल घरेलू कलेक्शन 60.80 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। वर्ल्डवाइड स्तर पर भी 'उस्ताद भगत सिंह' ठीक-ठाक प्रदर्शन कर रही है। ओवरसीज मार्केट में फिल्म ने लगभग 10.12 करोड़ रुपये की कमाई की है, जिसके बाद इसका कुल वैश्विक कलेक्शन 81.78 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। उम्मीद जताई जा रही है कि फिल्म जल्द ही 100 करोड़ क्लब में शामिल हो सकती है। हरीश शंकर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में राशि खन्ना और श्रीलीला भी अहम भूमिकाओं में नजर आ रही हैं। बताया जा रहा है कि यह फिल्म थलापति विजय की तमिल फिल्म 'थेरी' का रीमेक है।

# संगीत से गहराई से जुड़ा हुआ था अलका याज्ञनिक का परिवार



**मुंबई।** 90 के दशक के सुनहरे दौर में जब फिल्मी संगीत अपने चरम पर था, उस समय कई दिग्गज गायिकाओं के बीच गायिका अलका याज्ञनिक ने अपनी अलग पहचान कायम की। अलका का परिवार संगीत से गहराई से जुड़ा हुआ था। उनकी मां शुभा याज्ञनिक एक जानी-मानी शास्त्रीय गायिका थीं, जिनसे उन्होंने संगीत की प्रारंभिक शिक्षा ली। महज छह साल की उम्र में उन्होंने आकाशवाणी पर गाना शुरू कर दिया, जो उनके करियर की पहली महत्वपूर्ण सीढ़ी साबित हुई। बचपन में ही वह अपनी मां के साथ मुंबई आ गईं, जहां उनकी मुलाकात मशहूर फिल्म निर्माता राज कपूर से हुई। उनकी आवाज से प्रभावित होकर राज कपूर ने उन्हें संगीतकार लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल से मिलवाया, जिससे उनके करियर को नई दिशा मिली। शुरुआत में उन्हें डबिंग आर्टिस्ट के रूप में काम मिला, लेकिन उन्होंने पार्श्वगायन को ही अपना करियर बनाने का निर्णय लिया। धीरे-धीरे उन्हें फिल्मों में गाने के अवसर मिलने लगे, लेकिन असली पहचान उन्हें फिल्म ‘तेजाब’ के सुपरहिट गीत ‘एक दो तीन’ से मिली, जिसने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इसके बाद उन्होंने ‘कयामत से कयामत तक’, ‘साजन’, ‘कुछ कुछ होता है’ और ‘हम हैं राही प्यार के’ जैसी फिल्मों में कई यादगार गीत गाए, जो आज भी श्रोताओं की जुबान पर हैं। यह वह दौर था जब लता मंगेशकर और आशा भोसले जैसी दिग्गज गायिकाओं का वर्चस्व था। ऐसे प्रतिस्पर्धी माहौल में अपनी जगह बनाना आसान नहीं था, लेकिन अलका याज्ञनिक ने अपनी मेहनत, समर्पण और अनोखी आवाज के दम पर खुद को स्थापित किया। उनकी आवाज में भावनाओं को अभिव्यक्त करने की अद्भुत क्षमता थी, जिसने हर गीत को खास बना दिया। अपने करियर में उन्होंने हजारों गीत गाए और कई भाषाओं में अपनी आवाज दी। कुमार सानू और उदित नारायण के साथ उनकी जोड़ी ने कई सुपरहिट गाने दिए, जिन्हें दर्शकों ने खूब पसंद किया।

# अभिनेता सनी देओल ने मां को याद कर पोस्ट की खास तस्वीर

**मुंबई।** अभिनेता सनी देओल इन दिनों अपनी आगामी फिल्म ‘लाहौर 1947’ को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। यह फिल्म विभाजन के समय की कहानी पर केंद्रित है और राजकुमार संतोषी द्वारा निर्देशित है। सोमवार को अभिनेता ने अपनी मां को याद करते हुए एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की। इस तस्वीर में सनी अपनी मां के बहुत करीब झुके हुए नजर आ रहे हैं। दोनों हल्की-हल्की मुस्कान के साथ कैमरे की तरफ देख रहे हैं। अभिनेता ने तस्वीर पोस्ट कर लिखा, “मां।” बता दें कि दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र ने दो शादियां की थीं। उनकी पहली पत्नी प्रकाश कौर हैं। दोनों की शादी 1954 में हुई थी, जब धर्मेंद्र का फिल्मी सफर अभी शुरू भी नहीं हुआ था। इस शादी से उनके चार बच्चे हैं – दो बेटे सनी देओल और बॉबी देओल, जो दोनों ही बॉलीवुड में बड़े नाम हैं, और दो बेटियां विजेता और अजीता। प्रकाश कौर ज्यादातर मीडिया से दूर रहती हैं लेकिन सनी और बॉबी अक्सर सोशल मीडिया पर उनके साथ तस्वीर शेयर करते हैं। हालांकि, अभिनेता की बहनें भी लाइमलाइट से दूर रहती हैं।







